राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण शनिवार, 4 दिसंबर-2021 वर्ष-4,अंक-311 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# 21बिल्डर ग्रुप और फाइनान्सरों के यहां आयकर विभाग ने की रेड



सूरत, आयकर विभाग ने शहर के 21 बिल्डर ग्रुप, बिल्डर्स के भागीदार और फाइनान्सरों के यहां एक साथ छापेमारी की है। अहमदाबाद और सूरत आयकर विभाग के अधिकारी सुबह से बिल्डरों और फाइनान्सरों के यहां सुबह से जांच कर रहे हैं। आयकर विभाग के छापेमारी से बिल्डरों में हड़कम्प मच गया। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग ने संगिनी ग्रुप और उसके दो भागीदारों के यहां रेड की है। इसके अलावा अरिहंत ग्रुप, महेन्द्र चंपक ग्रुप और अशेष दोशी के यहां भी जांच की जा रही है। बिल्डर ग्रुप की जांच में बड़े पैमाने पर बेनामी लेन देन के खुलासा होने की संभावना है। बता दें कि हाल ही में आयकर विभाग ने विख्यात रत्नमणी और एस्ट्रोल पाइप जैसी बड़ी कंपनियों में रेड की थी। जिसमें बड़े पैमाने पर बेनामी लेन-देन का खुलासा हुआ था।

## नाप तौल विभाग ने अहमदाबाद के डी मार्ट पर लगाया 90 हजार रुपए का जुर्माना

अहमदाबाद,बिक्री के लिए रखे पैकेट पर पूरा ब्यौरा नहीं होने चलते नाप तौल विभाग ने शहर के सेटेलाइट क्षेत्र स्थित डी मार्ट पर रु 90000 का जुर्माना लगाया है। धोखाधड़ी की कई शिकायतें मिलने के बाद नाप तौल विभाग ने यह कार्यवाही की है। बता दें कि द लीगल मेट्रोलोजी एक्ट 2009 और पैकेजिंग कॉमोडिटी रूल 2011 के मुताबिक बिक्री के लिए रखे पैकेट पर संपूर्ण ब्यौरा लिखना अनिवार्य है। लेकिन अहमदाबाद के सेटेलाइट क्षेत्र स्थित डी मार्ट में बिक्री के लिए रखे पैकेट पर ऐसा कोई ब्यौरा नहीं था। जिसे लेकर नाप तौल विभाग को ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की कई शिकायतें मिली थीं। जिसके आधार पर विभाग ने मामले की जांच की, जिसमें शिकायतें सही साबित होने पर डी मार्ट को रु 90000 का जुर्माना किया है। लीगल मेट्रोलोजी के निदेशक चंद्रेश कोटक के मुताबिक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने वाली किसी भी व्यावसायिक इकाई के खिलाफ शिकायत मिलने पर नाप तौल विभाग जांच करेगा और आवश्यक हुआ तो कार्यवाही भी करेगा। वषü 2020-21 में 179676 और जारी वर्ष में सितंबर महीने तक 72938 व्यावसायिक इकाइयों की जांच की गई। जिसमें वर्ष 2020-21 में 9744 और सितंबर 2021 तक 3338 इकाइयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई और रु 44.58 करोड़ जुर्माना वसूला गया।





## रेलवे लाईन पर बसी बस्तियों के लिए आवासीय योजना बनाने की तैयारी.

**क्रांति समय,सूरत**

उत्राण से भेस्तान रेलवे झोपड़पट्टी विकास मंडळ की ओर से देश के सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन दर्ज करके हमने रेलवे लाइन पर बसे झोपड़ीपट्टी के लिए मकान देने की बात की गई थी। जिसके अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा है कि अगर रेलवे मंत्रालय के पास आवसीय बाबत संदर्भ में कोई योजना या पॉलिसी नहीं होगी तो स्थानिक स्वराज्य संस्था यानी के सूरत महानगरपालिका को इस संबंधित कोई पॉलिसी या योजना बनानी चाहिए। इसीलिए कल उत्राण से भेस्तान रेलवे झोपड़पट्टी विकास मंडळ की ओर से एक कमिटी नियुक्त की गई थी। जिसने रेलवे लाइन पर बसी बस्तियों को मकान देने के लिए एक आवासीय योजना (Housing Policy) तैयार की है। जिसमें कुल ६ जितने महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया है। हम यह चाहते है की यह पॉलिसी के अनुसार सूरत महानगरपालिका, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार इन गरीब श्रमिक लोगोको उनका मकान प्रदान करें। इस कमेटी में उपस्थित सभी एन.जी.ओ. का में हृदय पूर्वक आभार व्यक्त करता हूं।













## गुजरात कांग्रेस के प्रमुख बनने के बाद बोले जगदीश ठाकोर भाजपा के छक्के छुड़ा देंगे

**क्रांति समय,सूरत**

कई महीनों की मशक्कत के बाद गुजरात प्रदेश कांग्रेस को जगदीश ठाकोर के रूप में प्रमुख मिल गया। प्रमुख बनने के बाद जगदीश ठाकोर ने कहा कि गुजरात में भाजपा के छक्के छुड़ा देंगे। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर का पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर जगदीश ठाकोर ने कहा कि कांग्रेस हाईकमांड ने मुझ पर विश्वास कर गुजरात कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और उसे पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। गर्मजोशी के साथ स्वागत के लिए पार्टी के प्रदेश नेता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्तकरते हुए जगदीश



ठाकोर ने कहा कि वर्ष 2022 में गुजरात कांग्रेस की शानदार जीत होगी। उन्होंने कहा कि गुजरात में वार्ड और तहसील कार्यकर्ता राजनीति कर इतने बड़े पद पर पहुंचा हूं। गुजरात की राजनीतिक जमीन से भलीभांति परिचित हूं। गुजरात भाजपा की रणनीति और उसके 27 वर्ष के शासनकाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रति द्वेष की भावनाओं से भी बखूबी वाकिफ हूं। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अब पूरी ताकत के साथ कांग्रेस को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। आगामी विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में जगदीश ठाकोर ने कहा कि अगले चुनाव में कांग्रेस, भाजपा के छक्के छुड़ा देगी।

**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

**समस्या आपकी हमें भेजे**

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

**सुविचार** अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है। - जॉन टिलोटसन

## संपादकीय

### प्रदूषण पर फटकार

जब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है, तब सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी स्वाभाविक ही नहीं, जरूरी भी है। गुरुवार को देश की सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश एन वी रमन्ना ने यहां तक कह दिया कि 'हमें लगता है कि कुछ नहीं हो रहा है और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। केवल समय बर्बाद किया जा रहा है।' यह लगातार चौथा सप्ताह है, जब अदालत ने राजधानी और आसपास के शहरों में प्रदूषण पर सुनवाई की है। सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए अदालत ने केंद्र, दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्यों को औद्योगिक व वाहनों से होने वाले प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। महज 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करके दिखाने की चेतावनी की गंभीरता समझने की जरूरत है। यहां प्रदूषण लगातार ऐसे बना हुआ है कि बहुत सारे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। शहरों में न धूप निकल रही है और हवा साफ है। गुरुवार को हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। साल-दर-साल बढ़ते जा रहे प्रदूषण का कोई ठोस इलाज सरकार के पास नहीं है। पराली जलाने की घटनाएं इस साल पहले की तुलना में ज्यादा हुई हैं। ऐसा लगता है कि सरकारों ने पराली जलाने की समस्या के सामने घुटने टेक दिए हैं। अफसोस, सरकार की नीतियां ऐसी हैं कि लोग ज्यादा से ज्यादा वाहन खरीद रहे हैं। दिल्ली में कभी सड़कों पर वाहनों की संख्या को कम करने के लिए मेट्रो रेल चलाई गई थी, सीएनजी जैसे इंतजाम किए गए थे, लेकिन वाहनों और प्रदूषण की समस्या समय के साथ बढ़ती चली जा रही है। प्रदूषण घटाने की बड़ी-बड़ी कोशिशें नाकाम हो रही हैं। क्या सरकारों के दावे कागजी ही हैं? क्या सरकारों के पास ऐसे उपाय हैं, जिनसे तत्काल राहत मिले? क्या 24 घंटे में दिल्ली में प्रदूषण को कम किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली सरकार ने अगले आदेश तक स्कूलों को बंद रखने का फैसला किया है, लेकिन क्या सभी राज्य सरकारों ने भी ऐसा किया है? स्कूलों को बंद करना बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए जरूरी है, लेकिन क्या मात्र इससे प्रदूषण में कमी आएगी? सुप्रीम कोर्ट सख्त कार्रवाई चाहता है, ताकि प्रदूषण तत्काल कम किया जा सके? तो ऐसे क्या प्रबंध हो सकते हैं, जिनसे प्रदूषण पर लगाम लगे? केंद्र सरकार और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकारों ने यदि कदम नहीं उठाए, तो सुप्रीम कोर्ट अपनी ओर से सख्त पहल कर सकता है, जिससे सरकारों की परेशानी बढ़ सकती है। हमारी व्यवस्था के साथ यह समस्या है, जब मुसीबत सामने खड़ी होती है, तभी हम उसका इलाज खोजना शुरू करते हैं। ज्यादातर शहरों में प्रशासन प्रदूषण, गंदगी और जलभराव इत्यादि समस्याओं के स्वतः समाधान का इंतजार करता है। कोई सरकार मानने को तैयार नहीं होगी कि उसके समय प्रदूषण बढ़ गया, सबका दावा यही होगा कि प्रदूषण नियंत्रण के पूरे उपाय किए गए हैं। लेकिन जो हकीकत है, वह किसी को भी रुलाने के लिए पर्याप्त है। जब जहरीले धूल कणों से सनी हवा से इंसानों को परेशानी हो रही है, तब बेजुबान पशु-पक्षियों का क्या हाल हो रहा होगा? पिछले वर्ष लॉकडाउन की वजह से हवा कुछ ठीक हुई थी, लेकिन अब स्याह हकीकत सामने है। कागजी लीपापोती नहीं, जमीनी कार्रवाई से ही राहत मिलेगी।

# समाजवाद का सुपर गठबंधन कितना कामयाब होगा?

- मृत्युंजय दीक्षित

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के सभी राजनैतिक दलों में गहमागहमी तेज हो गयी है । समाजवादी पार्टी ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के नेता अखिलेश यादव पूरे दमखम के साथ एकबार फिर तैयार हो गये हैं। अपनी जनसभाओं तथा विजय यात्रा में अपनी ताकत का प्रदर्शन भी करने लगे हैं। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी की सत्ता में वापसी कराने के लिए इतने अधिक बेचैन हो गये हैं कि वह और उनके सभी सहयोगी, देश विभाजक जिन्ना के समर्थक बन गये। सपा नेता भी मदिर-मंदिर जा रहे हैं- हालांकि वह अभी तक अयोध्या नहीं गये हैं और न जय श्रीराम खुलकर बोल पा रहे हैं। वहीं, अखिलेश यादव का कहना है कि वह सुपर गठबंधन के सहारे एक गुलदस्ता बना रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने गीत भी लांच कर दिये, जिसमें बंगाल की तर्ज पर प्रदेश में अगली बार खदेड़ा होइबे की बात कही जा रही है। सेकुलर विचारधारा वाले राजनैतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि सपा नेता अखिलेश यादव में अब काफी बदलाव आ रहा है, यही कारण है कि प्रदेश में भाजपा विरोधी सभी ताकतें उनकी साइकिल की सवारी करना चाह रही हैं। समाजवादी पार्टी के साथ ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा आ चुकी है। महान दल, एनसीपी और जनवादी पार्टी सोशलिस्ट का भी सपा के साथ गठबंधन हो चुका है लेकिन अभी सीटों का बंटवारा होना बाकी है। पश्चिम में रालोद के साथ बात बन गयी है और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर भी अब सपा के ही साथ गठबंधन करेंगे। पूर्वांचल में अपना दल (कृष्णा पटेल) और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी प्रदेश की राजनीति में अपना जनाधार बनाने के लिए सपा के साथ ही जा रही है। किसान आंदोलन की आड़ में आम आदमी पार्टी ने भी उप्र में अपनी जमीन की तलाश शुरू कर दी थी और 170 विधानसभा सीटों को चिन्हित करने के बाद वह भी सपा की ओर मुड़ चली है। एक बहुत छोटी-सी पार्टी है- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी वह भी सपा के साथ मिलकर दो -तीन सीटों पर अपना दमखम दिखाना चाह रही है। अभी दो-तीन कुछ और छोटे दल समाजवादी दल की साइकिल पर सवार हो सकते हैं। राजनैतिक विश्लेषक समाजवादी गठबंधन की ताकत को अपने हिसाब से बता रहे हैं। माना जा रहा है समाजवादी नेता अखिलेश यादव जिस प्रकार से गठबंधन को लगातार बढ़ाते जा रहे हैं, उससे उनका नुकसान भी हो सकता है और यह बात कुछ सीमा तक सही प्रतीत भी हो रही है। आज जिन दलों को सपा के साथ जाता हुआ बताया जा रहा है, इन सभी दलों की ताकत 2014, 2017 और 2019 में देखी जा चुकी है। सपा के साथ जितने भी दल जा रहे हैं उनमें केवल सुभासपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसका पूर्वांचल की 30 सीटों पर कुछ प्रभाव है। सपा के साथ कांशीराम बहुजन मूल समाज पार्टी, पालिटिकल जस्टिस पार्टी और अपना दल (कमेरावादी) भी हो गए हैं। वहीं दो छोटी पार्टियों लेबर एस पार्टी और भारतीय किसान सेना ने तो स्वयं का सपा में विलय ही कर लिया है। इसके अलावा वह दूसरे दलों के नेताओं को भी सपा में शामिल कर रहे हैं। वह अपना यह काम हर रोज कर रहे हैं कि ताकि बीजेपी के खिलाफ एक माहौल बनाया जा सके। सपा ने हर चुनाव में किसी न किसी दल के साथ गठबंधन किया लेकिन वह सुपर फ्लॉप होती चली गयी। रही बात पश्चिम में रालोद की तो वह किसान आंदोलन के कारण बीजेपी से नाराज होकर सपा के साथ चली गयी है क्योंकि उसे लग रहा था कि केंद्र की मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी और वह किसानों की नाराजगी को अपने पक्ष में मोड़ लेगी लेकिन अब मोदी सरकार ने अचानक देशवासियों को चौंकाते हुए कृषि कानूनों को वापस ले लिया है। भाजपा सरकार द्वारा कृषि कानून वापस लिये जाने के बाद अब किसान आंदोलन का कोई मतलब नहीं रह गया है और चुनावों के नजदीक आते-आते किसानों की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो जायेगा। इसके साथ ही पश्चिम जहां बीजेपी को कुछ नुकसान होता दिखलायी पड़ रहा था वह भी कम हो जायेगा। सपा नेता एक गुलदस्ता तो जरूर बना रहे हैं लेकिन अगर वह नाकाम रहे तो यह गुलदस्ता बिखरने में देर भी नहीं लगायेगा। यह गुलदस्ता कितनी सीटें जीतकर आता है यह भी देखना दिलचस्प होगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव कह रहे हैं कि वह इस बार गुलदस्ता बनाकर और समाजवादी इत्र देकर अपनी सरकार बनाकर रहेंगे। लेकिन उनका यह जोश दिखावटी भी साबित हो सकता है क्योंकि अखिलेश यादव गठबंधन बनाने के नाम पर कुछ अधिक ही झुक रहे हैं। समाजवादी गुलदस्ता बन तो रहा है लेकिन इसके कारण सपा में पुराने नेताओं व कार्यकर्ताओं में बेचैनी भी है। सपा में अंदरूनी बेचैनी आने वाले समय में सपा को गहरा झटका भी दे सकती है। सपा नेता अखिलेश यादव एक बहुत ही सोची समझी रणनीति के अंतर्गत अयोध्या, मथुरा और काशी का नाम नहीं ले रहे हैं। सपा मुखिया ब्राह्मण समाज को अपनी ओर आकर्षित करने के लिये जगह-जगह भगवान परशुराम की मूर्तियां बनाने की बात कह रहे हैं। सभी जातियों को खुश करने के लिये महापुरुषों की जयंती पर अवकाश घोषित करने का ऐलान कर रहे हैं लेकिन उनका यह जोश उनके लिये घातक भी हो सकता है । सपा को अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर कतई रास नहीं आ रहा है। वह अयोध्या में हर साल बनायी गयी दीपावली को फिजूलखर्ची बता रहे हैं। अयोध्या में समाजवादी नेताओं ने आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर जमीन घोटाले का आरोप लगाया और कहा कि पहले जमीन घोटाले की जांच हो और फिर भव्य मंदिर निर्माण। सपा नेता सीएए और एनआरसी का लगातार विरोध कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि वह कतई नहीं बदले हैं। साथ ही वह जिस प्रकार से जिन्ना का महिमा मंडन कर रहे हैं उससे पता चल रहा है कि वह विभाजनकारी मानसिकता वाले हैं। सपा नेता अखिलेश यादव ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर मोहम्मद अली जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी बताकर मुस्लिम तुष्टिकरण का बहुत ही घटिया और शर्मनाक उदाहरण पेश किया है। अखिलेश यादव बहुत सोची समझी रणनीति के तहत प्रचार कार्य कर रहे हैं। वह जनसभाओं में केवल बीजेपी पर ही हमलावर हैं तथा कांग्रेस व बसपा के खिलाफ चुप्पी साध ली है। वह इसीलिये कि अगर उन्हें कुछ सहयोग की आवश्यकता पड़ी तो कांग्रेस, बसपा और ओवैसी की मदद लेकर भी सरकार बनायी जा सकती है। यही कारण है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब कहना शुरू कर दिया है कि ओवैसी सपा का सहयोग कर रहे हैं। वे दावा करते हैं कि भाजपा सरकार उनके किये कामों का उद्घाटन-शिलान्यास कर रही है। वह चाहे कानपुर की मेट्रो हो या फिर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन हर जगह वह अपना काम ही बता रहे हैं, जिसे जनता भी अच्छी तरह से समझ रही है। जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास के अवसर पर भी सपा की ओर से कहा गया कि पीएम मोदी जेवर एयरपोर्ट भी बेच देंगे। बहरहाल सुपर महागठबंधन और अपनी तथाकथित मुस्लिम तुष्टिकरण और जातिवाद के बल पर अखिलेश यादव, बीजेपी को घेरने में कितना सफल रहते हैं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। चुनावी जनसभाओं में सपा और उनके सहयोगी जिस प्रकार जिन्ना की रट लगा रहे हैं यह बहुत खतरनाक ट्रेंड है। इसलिए प्रदेश की जनता को बहुत सोच-समझकर अपने मतों का इस्तेमाल करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# उत्तर प्रदेश सरकार कर रही किसानों की हर आवश्यकता की पूर्ति

-अम्बरीष कुमार सक्सेना

सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को कृषि निवेश योजनान्तर्गत उच्चकोटि के उर्वरक, बीज उपलब्ध कराने से फसलोत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। किसानों की आय दोगुना करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों की हर आवश्यकता की पूर्ति कर रही है। सरकार कृषि यंत्रों, सिंचाई, खाद-बीज आदि की सुविधा उपलब्ध कराते हुए फसलोत्पादन में बढ़ोतरी करा रही है। सहकारी कृषि-निवेश योजना प्रदेश सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को सदस्य बनाकर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उच्चकोटि के कृषि-निवेश यथा उर्वरक, प्रमाणित बीज उपलब्ध कराये जाते हैं। वर्ष 2017-18 में उर्वरक वितरण का कुल लक्ष्य 3140755 मीट्रिक टन, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों का वितरण 324447 मीट्रिक टन हुआ, जो लक्ष्य का 103.29 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रमाणित बीज का कुल लक्ष्य 127975 कुन्तल निर्धारित था। पीसीएफ द्वारा 83667 कुन्तल बीज उपलब्ध कराया गया। उपलब्धता के सापेक्ष 82949 कुन्तल बीज का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में हुआ। वर्ष 2018-19 में उर्वरक वितरण का कुल लक्ष्य 2968019 मीट्रिक टन निर्धारित था। लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश के किसानों को 3372545 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण हुआ, जो लक्ष्य का 113.62 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रमाणित बीज का कुल लक्ष्य 82100 कुन्तल निर्धारित था। पीसीएफ द्वारा 70591 कुन्तल बीज उपलब्ध कराया गया। उपलब्धता के सापेक्ष 70591 कुन्तल बीज का शत-प्रतिशत वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में किया गया। वर्ष 2019-20 में उर्वरक के वितरण का कुल लक्ष्य 3112633 मीट्रिक टन निर्धारित था। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों का वितरण 3773809 मीट्रिक टन किया गया, जो लक्ष्य का 121.24 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार प्रमाणित बीज का कुल लक्ष्य 102100 कुन्तल निर्धारित तथा पीसीएफ द्वारा 58652 कुन्तल बीज उपलब्ध कराया गया। उपलब्धता के सापेक्ष 58652 कुन्तल बीज का शत-प्रतिशत वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को किया गया। वर्ष 2020-21 में खरीफ का उर्वरक वितरण का कुल लक्ष्य 1290105 मीट्रिक टन निर्धारित था। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष खरीफ अभियान में उर्वरकों का वितरण 1846612 टन हुआ जो लक्ष्य का 143 प्रतिशत है। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 में रबी अभियान में उर्वरक वितरण का क्रमिक लक्ष्य 2005484 मीट्रिक टन, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष रबी अभियान में उर्वरकों का वितरण 1882558 मीट्रिक टन हुआ, जो लक्ष्य का 94 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रमाणित बीज का कुल निर्धारित लक्ष्य 97200 कुन्तल के सापेक्ष पीसीएफ द्वारा 71198 कुन्तल बीज उपलब्ध कराया गया। उपलब्धता के सापेक्ष बीज का शत-प्रतिशत वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में किया गया है। वर्ष 2021-22 के खरीफ अभियान में उर्वरक वितरण का कुल लक्ष्य 1362623 मीट्रिक टन निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष खरीफ अभियान में उर्वरकों का वितरण लक्ष्य का लगभग 90 प्रतिशत है तथा प्रमाणित बीज का कुल निर्धारित लक्ष्य 2000 कुन्तल के सापेक्ष पीसीएफ द्वारा उपलब्धता के सापेक्ष बीज का शतप्रतिशत विवरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में हुआ। रबी अभियान वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत 7.71 लाख मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक के लक्ष्य के सापेक्ष सहकारी क्षेत्र में 6.86 लाख मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी है। इफको द्वारा रबी अभियान में 3.20 लाख मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। रबी अभियान में यूरिया का लक्ष्य 12.33 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 6.11 लाख मीट्रिक टन की 25 नवम्बर, 2021 तक उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। फसलोत्पादन में किसी प्रकार की समस्या न आये, उन्हें आवश्यक उर्वरक की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को कृषि निवेश योजनान्तर्गत उच्चकोटि के उर्वरक, बीज उपलब्ध कराने से फसलोत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। (लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं)



## आज के कार्टून




## किस्मत

जग्गी वासुदेव/ बहुत सारे लोगों ने अपने जीवन को इस तरह व्यवस्थित ...या हुआ है कि उन्हें जीवन में जो चाहिए, उनके पास वो है। यह अलग ... है कि आने वाले समय में वह कोई और चीज हासिल करना चाहते ... जो लोग ऐसा कर पाने में सफल नहीं हो पाते, वे ऐसे तर्क देते हैं - ...झे जो चाहिए था, मुझे नहीं मिला, यह मेरी किस्मत है।' अगर यह ...स्मत है तो आप शिकायत क्यों कर रहे हैं? अगर यही किस्मत है तो ... ऊपर बैठ कर किसी ने तय किया होगा। फिर आप शिकायतें क्यों ...ते हैं? आपको पता है ऐसा क्यों महसूस होता है? क्योंकि आम का ...म न होने पर भी आप आम खाना चाहते हैं। केले हैं, अमरूद हैं ...िन आपको आम ही चाहिए, जबकि वह आम का मौसम नहीं है। जब ... आम का मौसम आता है आप केले खा सकते हैं, मगर आप बैठकर ... रहते हैं कि मुझे तो बस आम ही चाहिए, आम तो दो महीने बाद ...ंगे। पर कुछ लोग ऐसे होते हैं जो इंतजार नहीं करना चाहते। वे आम ...पेड़ इस तरह से लगा लेते हैं कि उनके पेड़ पूरे साल आम देते रहते हैं। ...आम संख्या में कम होते हैं, स्वाद में भी थोड़े कमतर होते हैं, लेकिन हां ...ना तय हो जाता है कि पूरे साल आपको आम मिलते रहते हैं। बस यही ...न है। कई बार बहुत सी चीजें जो आप चाहते हैं, बाद में मिलती है, ...िन उस वक्त आपके पास बहुत सारी दूसरी चीजें होती हैं। समस्या यह ...के आप हमेशा एक खास चीज पर ही निगाहें गड़ाए रहते हैं। आप एक ... चीज की इच्छा करते रहते हैं, जिसे हासिल करने की क्षमता आपके ... नहीं है, लेकिन उसके अलावा भी तो बहुत चीजें हैं आपके आसपास। ...रती लोगों के जीवन को अच्छे से सहारा दे सकती है। आप कहेंगे-पर ... दुनिया में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो बिना भोजन के मर रहे हैं। वो ...लिए है कि एक छोटी सी जगह पर लाखों लोग एक साथ रहते हैं। ...लन आप मुंबई जाकर देखें। एक छोटी सी जगह में डेढ़ करोड़ लोग ... रहे हैं। क्या इसलिए कि उन्हें एक दूसरे से प्यार है और वे एक दूसरे ... बिना रह नहीं सकते? नहीं, वे एक दूसरे का गला काट देने को तैयार ... फिर भी साथ रहते हैं। तो यह सब प्रेम की वजह से नहीं है, इसकी ...ह एक खास किस्म का लालच या एक खास किस्म की मजबूरी है। तो ...र कोई उस शहर की गति के साथ कदम मिलाकर नहीं चल पा रहा है ...हो सकता है वह भूखा रह जाए।

## सू-दोकू नवताल -1979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

### सू-दोकू 1978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 x 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-1979

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | |
| ■ | 10 | ■ | | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ |
| 13 | | 14 | | ■ | | ■ | 15 | | |
| | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ | | ■ |
| 18 | | | ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 |
| | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | | 28 | | | ■ |
| ■ | 29 | | ■ | | ■ | | ■ | 30 | |

### बायें से दायें:-

1. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-3
3. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-3
5. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-2
7. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरू द्दीनशाह, शबाना की फिल्म-3
9. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-2
11. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-2
13. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-4
15. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-3
16. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-3
19. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-2
21. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-4
23. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-2
24. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-3
25. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-2
26. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-3,3
29. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-2
30. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-2

### ऊपर से नीचे:-

1. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-2
2. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-2
3. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-2
4. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-3
6. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-2
8. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-3
10. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-2
11. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-3
12. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-3
13. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-4
14. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-3
16. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-3
17. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-3
20. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-2
21. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-3
22. अमिताभ, परवीन, आशापारेख की फिल्म-3
23. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-4
24. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-3
27. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-2
28. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली-1978

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | मो | शी | ■ | आ | प | की | क | स | म |
| की | ■ | शा | दी | ■ | ड़ो | ■ | भी | ■ | स्त |
| ■ | आ | ■ | वा | प | स | ■ | ना | ■ | ■ |
| प | ह | चा | न | ■ | न | या | क | द | म |
| रा | ■ | ■ | गी | ता | ■ | ■ | भी | ■ | ड |
| या | रा | ना | ■ | ज | मा | ना | ■ | स | र |
| ध | ■ | य | ति | म | ■ | ■ | रा | नी | ■ |
| न | म | क | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | फ |
| ■ | र्या | ■ | ■ | ल | ■ | जे | ■ | ■ | रा |
| अ | दा | ल | त | ■ | इं | द्र | कु | मा | र |




## अगले साल शुरू हो सकती है 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी: डॉट सचिव

**नई दिल्ली।** देश में 5जी इंटरनेट सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी अगले साल शुरू हो सकती है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने प्रस्तावित नीलामी के लिए स्पेक्ट्रम की कीमत के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया है। सार्वजानिक क्षेत्र के दूरसंचार अनुसंधान और विकास संगठन सी-डॉट (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स) ने कहा कि एक कार्यशाला के दौरान दूरसंचार सचिव के राजारमन ने कहा कि 5जी इंटरनेट हमें एक शानदार अवसर प्रदान करता है और इसकी नीलामी अगले साल की शुरुआत में होगी। सी-डॉट ने कहो ` कि सचिव ने सी-डॉट से भारतीय कंपनियों, स्टार्ट-अप्स और शिक्षाविदों के सहयोग से 5जी और 6जी इंटरनेट सेवाओं को शीघ्र शुरू करने में सक्रिय नेतृत्व निभाने का आह्वान किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वदेशी विनिर्माण परिवेश की ताकत और कमजोरियों पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाना था।

## भारत की सेवा क्षेत्र गतिविधि नवंबर 2021 में तेजी से बढ़ी: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली ।** नये काम में लगातार हो रही बढ़ोतरी और बाजार की स्थितियों में सुधार के कारण इस साल नवंबर में भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि एक दशक से भी अधिक समय में दूसरी सबसे तेज गति से बढ़ी है। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित किया जाने वाला इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर में 58.1 पर था, जो अक्टूबर के 58.4 से मामूली रूप से नीचे था। नवंबर का आंकड़ा जुलाई 2011 के बाद से उत्पादन में दूसरी सबसे तेज वृद्धि की ओर इशारा करता है। लगातार चौथे महीने सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि देखी गई।

## एबट को भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौता समय सीमा में पूरा होने का विश्वास



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के विशेष व्यापार दूत टोनी एबट ने कहा कि उसे विश्वास है` कि भारत और ऑस्ट्रेलिया प्रस्तावित व्यापार समझौते को समय सीमा के अंदर अंतिम रूप देने में सफल होंगे। समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाना है। रत और ऑस्ट्रेलिया काफी समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते को 2022 के अंत तक अंतिम रूप देने पर सहमत हुए हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) करार दिया गया है। दोनों देश इस साल के अंत तक अंतरिम व्यापार समझौता करने पर भी सहमत हुए हैं। एबट ने कहा` कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और उनकी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ हुई चर्चा के आधार पर, मुझे विश्वास है कि हम साल के अंत तक या नये साल की शुरुआत तक एक बहुत अच्छा अंतरिम समझौता कर सकते हैं, जो कि छोटा नहीं बल्कि व्यापक है। उन्होंने कहा` कि गुरुवार देर रात हुई चर्चा के आधार पर मैं इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हूं कि हम समय सीमा से पहले समझौता कर लेंगे।

# प्रौद्योगिकी के प्रभावी विनियमन के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई जरूरी: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लगातार बदलती प्रौद्योगिकी और तकनीक संचालित भुगतान प्रणालियों के प्रभावी विनियमन के लिए 'सामूहिक वैश्विक कार्रवाई' का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब तक नियामक लगातार बदल रही प्रौद्योगिकी को विनियमित करने में केवल 'बराबरी तक पहुंचने' में लगे हैं और इसलिए इसे विनियमित करने को लेकर कोई तय सूत्र नहीं है। उनकी टिप्पणी सरकार द्वारा क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने के लिए कानून लाने की तैयारी की पृष्ठभूमि में आई है। वित्त मंत्री ने कहा, ÷ऐसे में जब हम राष्ट्रीय स्तर पर इस बारे में सोच रहे हैं, एक वैश्विक तंत्र होना चाहिए जिसके माध्यम से हम लगातार प्रौद्योगिकी में होने वाले बदलाव की निगरानी करें। प्रौद्योगिकी मतबल क्रिप्टोकरेंसी हो सकता या तकनीक-संचालित भुगतान प्रणाली या आंकड़े की गोपनीयता, या फिर यह सुनिश्चित करना कि आंकड़ों का सही तरह से इस्तेमाल किया जाए।' सीतारमण ने कहा, 'अगर आप आंकड़ों को राजस्व पैदा करने वाले विकल्पों के रूप में देख रहे हैं, तो इसके विनियमन के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।' उन्होंने 'इन्फिनिटी मंच 2021' को



संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी भौतिक सीमा का सम्मान नहीं करती है और सीमाओं को पार करने की ताकत रखती है। इसका मतलब है कि प्रभावी तरीके से विनियमन के लिए वैश्विक कार्रवाई ही एकमात्र तरीका है।

## आईएमएफ की प्रथम उप प्रबंध निदेशक बनीं गीता गोपीनाथ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ को पदोन्नत कर संगठन का प्रथम उप प्रबंध निदेशक (एफडीएमडी) बनाया जा रहा है। वह इस पद पर जेफ्री ओकामोटो की जगह लेंगी जो अगले साल की शुरुआत में आईएमएफ छोड़ने की योजना बना रहे हैं। गोपीनाथ जनवरी 2022 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अपने शैक्षणिक पद पर लौटने वाली थीं। उन्होंने आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में तीन साल काम किया है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा` कि जेफ्री और गीता दोनों सहयोगी हैं, मैं जेफ्री को जाते हुए देखकर दुखी हूं, लेकिन साथ ही मुझे खुशी है कि गीता ने हमारे साथ बने रहने और एफडीएमडी के रूप में नई जिम्मेदारी स्वीकार करने का फैसला किया है। जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ के काम में गोपीनाथ का योगदान पहले से ही असाधारण रहा है, विशेष रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और आईएमएफ की हमारे जीवन के सबसे खराब आर्थिक संकट के उतार-चढ़ाव से पार पाने में, मदद करने में उन्होंने असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया।

## ओमीक्रॉन को लेकर चिंता से डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे टूटा

**मुंबई (एजेंसी):**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 75.16 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कोरोना वायरस के नए स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंता के बीच घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली के साथ रुपए की विनिमय दर में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.98 पर खुलने के बाद ऊंचे में 74.95 और नीचे में 75.18 तक गया। अंत में रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 75.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पूर्व बृहस्पतिवार को रुपया 75.02 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.21 रह गया। वैश्विक मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड वायदा की कीमत 2.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 71.44 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई।। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 764.83 अंक की गिरावट के साथ 57,696.46 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 909.71 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की।



# आरबीआई के स्पष्टीकरण से बढ़ सकते हैं एनबीएफसी के फंसे कर्ज: रिपोर्ट

**मुंबई (एजेंसी):**

गैर- निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बारे में आए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के स्पष्टीकरण से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के फंसे हुए कर्जे एक-तिहाई तक बढ़ सकते हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने शुक्रवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई है। उसका कहना है कि एनपीए पर आरबीआई के हाल में आए स्पष्टीकरण से एनबीएफसी के फंसे कर्ज में करीब एक-तिहाई की बढ़ोतरी हो सकती है। आरबीआई ने पिछले महीने बैंकों, एनबीएफसी एवं अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के लिए आय पहचान परिसंपत्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान (आईआरएसी) के मानकों पर स्थिति साफ की थी। इस स्पष्टीकरण में केंद्रीय बैंक ने कहा था कि विशेष उल्लेख खाता (एसएमए) और एनपीए का वर्गीकरण दैनिक स्थिति के आधार पर किया जाए और सभी लंबित बकाए का भुगतान करने के बाद ही एनपीए को मानक श्रेणी में डाला जा सकता है। हालांकि इंडिया रेटिंग्स का मानना है कि एनपीए के लिए वित्तीय




प्रावधान करने का मध्यम असर पड़ सकता है। इसके बावजूद यह आईआरएसी जरूरतों से कहीं अधिक परंपरागत व्यवस्था है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई का परिपत्र खातों की दैनिक पुष्टि की भी बात करता है ताकि यह पता चल सके कि कोई कर्ज कितने दिनों तक बकाया रहा है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि इस व्यवस्था से भी खातों के लिए एनपीए की पुष्टि की दर तेज हो सकती है। एनबीएफसी से कर्ज लेने वाले अमूमन अपनी लंबित देनदारी का भुगतान कुछ दिनों के विलंब से करते हैं। लेकिन नई व्यवस्था में कुछ दिनों की भी देरी होने पर उनका खाता एनपीए के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है। इंडिया रेटिंग्स का मानना है कि ऐसा होने पर एनबीएफसी के एनपीए आंकड़े बढ़ जाएंगे।

# ओमीक्रोन से फैली चिंता के बीच सेंसेक्स 764 अंक टूटा, निफ्टी 17,200 के नीचे आया




**मुंबई (एजेंसी)**

शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट आयी और बीएसई सेंसेक्स 765 अंक का गोता लगाकर बंद हुआ। देश में कोरोनावायरस के नये स्वरूप ओमीक्रोन का पहला मामला सामने आने के बाद सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक में नुकसान के साथ बाजार नीचे आया। केंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा था कि कर्नाटक में ओमीक्रोन के दो मामले सामने आए हैं। दोनों संक्रमित पुरूष हैं और उनकी उम्र 66 तथा 46 साल है। उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण पाए गए हैं। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 764.83 अंक यानी 1.31 प्रतिशत लुढ़क कर 57,696.46 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 204.95 अंक यानी 1.18 प्रतिशत टूटकर 17,196.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में पावरग्रिड रही। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा और भारती एयरटेल में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। कैपिटल वाया ग्लोबल रिसर्च के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा कि निवेशक ओमीक्रोन के कारण फैली अनिश्चतताओं को लेकर चिंतित हैं। एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहें जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.38 प्रतिशत मजबूत होकर 71.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## एयर एशिया ने दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए पेश की ब्रेल लिपि में सुरक्षा नियम-पुस्तिका

**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस पर एयर एशिया इंडिया ने दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए हेलन केलर इंस्टीट्यूट फॉर द डेफ एंड डेफब्लाइंड के सहयोग से उड़ान के दौरान ब्रेल लिपि में सुरक्षा नियम-पुस्तिका शुक्रवार को पेश की। एयर एशिया इंडिया ने बताया कि व्हीलचेयर सहायता अब विमान टिकट प्राप्त करते समय इसकी वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन माध्यम से पहले से बुक की जा सकती है। व्यक्तियों के लिए सीढ़ी वाली जगह या विमान के दरवाजे तक रैंप तक पहुंचने के साथ-साथ केबिन तक पहुंचने के लिए पहले से बुक कर सकने के लिए विभिन्न प्रकार की व्हीलचेयर सुविधाएं उपलब्ध हैं। उसमें कहा गया है कि केबिन के अंदर यात्रियों को बैठने में मदद करने के लिए व्हीलचेयर अपेक्षाकृत छोटी हैं, जिससे विमान के गलियारे में आसानी से आवाजाही हो सकती है। ये सुविधाएं यात्रियों को सुविधाजनक सीट के साथ बिना किसी अतिरिक्त कीमत के प्रदान की जाएंगी। एयरलाइन ने कहा कि उसने उसके विमानों के परिचालन वाले सभी 17 हवाई अड्डों पर दिव्यांग लोगों के लिए प्राथमिकता सेवाओं के साथ विशेष सहायता काउंटर को भी निर्धारित किया है।

# आधिकारिक तौर पर टेस्ला ने अपना मुख्यालय टेक्सास में किया स्थानांतरित

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने आधिकारिक तौर पर अपना मुख्यालय पालो ऑल्टो, कैलिफोर्निया से ऑस्टिन, टेक्सास में स्थानांतरित कर दिया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के साथ 8-के फॉर्म दाखिल किया, ताकि वह अपने कॉर्पोरेट मुख्यालय को ऑस्टिन में 13101 हेरोल्ड ग्रीन रोड पर अपने गिगाफैक्ट्री की साइट पर स्थानांतरित कर सके। फाइलिंग के अनुसार, 1 दिसंबर, 2021 को, टेस्ला, इंक ने अपने कॉर्पोरेट मुख्यालय को 13101 हेरोल्ड ग्रीन रोड, ऑस्टिन, टेक्सास 78725 में गिगा फैक्ट्री टेक्सास में स्थानांतरित कर दिया। टेस्ला कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री का संचालन जारी रखेगी और वहां उत्पादन में 50 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। मस्क ने हाल ही में शेयरधारकों की एक वार्षिक बैठक में कहा, मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि हम अपने मुख्यालय को ऑस्टिन, टेक्सास में स्थानांतरित कर रहे हैं। बस स्पष्ट होने के लिए, हालांकि, हम कैलिफोर्निया में अपनी गतिविधियों का विस्तार करना जारी रखेंगे। मस्क खुद पिछले साल टेक्सास चले गए, क्योंकि स्पेसएक्स ने देश के दक्षिणी सिरे में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है। टेस्ला ने 2020 में ऑस्टिन के बाहर अपना अगला यूएस गिगाफैक्ट्री बनाना शुरू किया और परियोजना के एक नए वीडियो से पता चलता है कि यह जगह पहले से ही एक व्यस्त औद्योगिक क्षेत्र में बदल रही है। प्रारंभ में, टेस्ला ने कारखाने को साइबरट्रक गिगाफैक्ट्री के रूप में संदर्भित किया क्योंकि ऑटोमेकर ने वहां इलेक्ट्रिक पिकअप ट्रक का उत्पादन करने की योजना बनाई थी। हालांकि, टेस्ला ने पहले कारखाने में मॉडल वाई का उत्पादन करने की योजना बनाई और बाद में कंपनी ने इसका नाम बदलकर गीगाफैक्ट्री टेक्सास कर दिया। टेस्ला ने कारखाने में बैटरी सेल उत्पादन स्थापित करने और इसे जनता के लिए एक इकोलोजिकल पेरडाइस बनाने की भी योजना बनाई है।

## शाओमी 12 के साथ लॉन्च के लिए तैयार है एमआईयूआई 13 : रिपोर्ट

**बीजिंग (एजेंसी)।**

शाओमी कथित तौर पर जल्द ही शाओमी 12 स्मार्टफोन के साथ यूजर इंटरफेस (यूआई) एमआईयूआई के अपने अगले प्रमुख वर्जन की घोषणा करने की योजना बना रहा है। डेवलपर ने कहा, ऐसा लगता है कि एमआईयूआई 13 लॉन्च के समय स्टेबल चैनल (कम से कम चीन में) पर आएगा। एमआईयूआई 13 बहुत सारे बदलाव लाएगा, जो यूजर एक्सपीरियंस को काफी बेहतर करेगा। अपडेट को पहले एमआई मिक्स 4 रिलीज के लिए योजनाबद्ध किया गया था। हालांकि, सॉफ्टवेयर को बेहतर बनाने के लिए डेवलपर्स को अधिक समय की आवश्यकता थी। इस बीच, शाओमी 12 में सेल्फी कैमरा के लिए सेंटर पंच-होल के साथ कर्व्ड स्क्रीन, 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट और 2के रेजोल्यूशन, डुअल स्पीकर और सैमसंग या सोनी के 50 एमपी के मुख्य सेंसर के साथ ट्रिपल रियर कैमरा सिस्टम को स्पोर्ट करने के लिए कहा गया है। एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि शाओमी 12 के वेनिला मॉडल में 100 वॉट फास्ट चार्जिंग तकनीक का सपोर्ट होगा। यह 120 वॉट फास्ट चार्जिंग तकनीक के विपरीत है जो कि एमआई 10 अल्ट्रा और एमआई 11टी प्रो में शामिल है। शाओमी 12 में सममित स्टीरियो स्पीकर ग्रिल होंगे, जिनके प्रत्येक फोन के ऊपर





और नीचे होने की संभावना है। एमआई 11 और एमआई 11 अल्ट्रा पर स्पीकर विषम रूप से रखे गए हैं, जिसमें शीर्ष स्पीकर बाईं ओर है, नीचे वाला दाईं ओर है।

## सिग्नल ने दान स्वीकार करने के लिए इन-ऐप सस्टेनर प्रोग्राम किया लॉन्च

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।**

गोपनीयता-केंद्रित मैसेजिंग ऐप सिग्नल ने कहा कि उसने अपने यूजर्स से दान स्वीकार करने के लिए इन-ऐप सस्टेनर कार्यक्रम शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि पारंपरिक प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए मॉडल उन्हें यूजर्स के डेटा के लिए उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, न कि उनके लिए। सिग्नल की गैर-लाभकारी संरचना को डिजाइन किया गया है ताकि ऐप का उपयोग करने के अनुभव में मूल्य अर्जित किया जा सके। कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, इसका मतलब यह भी है कि सिग्नल के एकमात्र लाभार्थी के रूप में, उपयोग करने वाले लोगों पर निर्भर है कि वे इसे बनाए रखें।कंपनी ने आगे कहा, यह एक अलग मॉडल है जिस तरह से अधिकांश लोग इंटरनेट पर तकनीक का अनुभव करते हैं जो आम तौर पर सबसे बड़े शेयरधारकों के लाभ के लिए उपयोगकर्ता डेटा द्वारा बनाए रखा जाता है, लेकिन हम मानते हैं कि इस प्रतिमान को बदलना भविष्य के लिए आवश्यक है हम सब से बेहतर जहां प्रौद्योगिकी अंतत÷ कार्य करती है। यूजर्स अब हर महीने एक छोटी राशि का योगदान करके सिग्नल को बनाए रखने वाले लोगों के समुदाय में शामिल हो सकते हैं, जो एक बैज को अनलॉक करता है जिसे वे अपनी प्रोफाइल पर प्रदर्शित कर सकते हैं। बैज सिग्नल कैसे काम करता है, यह कैसे कायम रहता है और लोग कैसे भाग ले सकते हैं, इस बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करता है। सिग्नल को बनाए रखने के अलावा, उपयोगकर्ता अब किसी भी समय सिग्नल को बढ़ावा भी दे सकते हैं।

कंपनी ने कहा, यह सुनिश्चित करते हुए कि आपकी भुगतान जानकारी आपके सिग्नल खाते से जुड़ी नहीं है, हमने इस प्रक्रिया को गोपनीयता-संरक्षण के लिए डिजाइन किया है।




## एटीएम से कैश निकालना होगा महंगा, हर ट्रांजैक्शन पर देने होंगे इतने रुपए



**(एजेंसी):**

नए साल से एटीएम इस्तेमाल करना महंगा होने जा रहा है। हर महीने दी निर्धारित सीमा से ज्यादा बार एटीएम ट्रांजैक्शन करने पर अब आपको ज्यादा पैसा देना होगा। आरबीआई ने सभी बैंकों को एक जनवरी, 2022 से एटीएम ट्रांजेक्शन के चार्जेज बढ़ाने की अनुमति दे दी है। अब आपके एटीएम पर जितने फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा दी गई है, उससे अधिक इस्तेमाल करने पर पहले की तुलना में बैंक को अधिक पैसे देने होंगे।

**RBI ने बैंकों को दी चार्ज बढ़ाने की अनुमति**

रिजर्व बैंक के एक नोटिफिकेशन के अनुसार, फ्री ट्रांजेक्शन की मंथली लिमिट के बाद बैंक ग्राहकों को अब अधिक पैसे देने होंगे। अभी यह हर ट्रांजेक्शन पर 20 रुपए की दर से वसूला जाता है। एक जनवरी 2022 से यह बढ़कर प्रति ट्रांजेक्शन 21 रुपए हो जाएगा। यह फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल दोनों तरह के ट्रांजेक्शन पर लागू होगा। रिजर्व बैंक ने यह भी साफ-साफ कहा है कि अगर कोई टैक्स लागू होता है, तो वह इस चार्ज से अलग होगा यानी अभी तक 20 रुपए चार्ज के अलावा टैक्स लगता था। अब 21 रुपए का चार्ज और उस पर लागू टैक्स वसूला जाएगा।

**हर महीने फ्री होते हैं इतने ट्रांजेक्शन**

बैंक ग्राहकों को हर महीने अपने बैंक के एटीएम से पांच ट्रांजेक्शन फ्री में करने दिया जाता है। अन्य बैंकों से फ्री ट्रांजेक्शन की लिमिट इस बात पर निर्भर करती है कि आप किस तरह के शहर में रह रहे हैं। मेट्रो शहरों में रहने वाले बैंक ग्राहक अन्य बैंक के एटीएम से हर महीने तीन बार फ्री ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। अन्य शहरों के ग्राहक दूसरे बैंक के एटीएम से भी हर महीने पांच फ्री ट्रांजेक्शन कर सकते हैं।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप - नेपोमिन्सी नें फिर चूका मौका ,स्कोर हुआ 2.5-2.5



**दुबई ( निकलेश जैन )** फीडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में नॉर्वे के मौजूदा विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन के खिलाफ उनके चैलेंजर कैंडीडेट विजेता रूस के इयान नेपोमिन्सी पांचवें राउंड मे एक बार फिर मिले मौके को नहीं भुना पाये और मुक़ाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ । 2018 के बाद यह लगातार दूसरी विश्व चैंपियनशिप है जिसमें राउंड 5 तक कोई भी परिणाम नहीं आया है । प्रतियोगिता में तीरसी बार सफ़ेद मोहरो से खेल रहे नेपोमिन्सी नें एक बार फिर राजा के प्यादे को दो घर द्व4 चलकर शुरुआत की और कार्लसन नें भी इसी अंदाज में जबाब देते हुए खेल को राय लोपेज ओपनिंग में पहुंचा दिया । लगातार कुछ प्यादो की अदला बदली के बीच खेल की 20वीं चाल में नेपो के पास अपने ष4 के प्यादे को आगे बढ़कर कार्लसन को मुसीबत में डालने का मौका पर उन्होने हाथी की चाल चलकर कार्लसन को सम्हलने का मौका दे दिया ,हालांकि खेल के अंत तक कार्लसन असहज स्थिति में थे पर किसी तरह 43 चालों में बाजी बचाने में सफल रहे । 14 राउंड की विश्व चैंपियनशिप में अब एक दिन के विश्राम के बाद तीन लगातार मुक़ाबले खेले जाएँगे जिसमें कार्लसन 2 बार सफ़ेद मोहरो से खेलेंगे ओर जानकार अगले तीन मैच में परिणाम आने की उम्मीद कर रहे है ।

# सेमीफाइनल में पहुंच चुकी सिंधू अंतिम ग्रुप मैच में हारीं, श्रीकांत बाहर




**बाली (एजेंसी)।**

बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में पहले ही सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर चुकी भारत की पीवी सिंधू को शुक्रवार को ग्रुप ए के अपने तीसरे और अंतिम महिला एकल मैच में थाईलैंड की शीर्ष वरीय पोर्नापावी चोचुवोंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू दुनिया की 10वें नंबर की चोचुवोंग पर दबाव नहीं बना सकीं और एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में 12-21 12-19 14-21 से हार गईं। यह 2016 विश्व जूनियर चैम्पियन चोचुवोंग के खिलाफ सात भिड़ंत में सिंधू की तीसरी हार है। इस तरह सिंधू ग्रुप ए में चोचुवोंग के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। अब उनकी सेमीफाइनल की प्रतिद्वंद्वी का फैसला ड्रा में दिन के अन्य मुकाबले से तय होगा। इससे पहले किदाम्बी श्रीकांत मलेशिया के ली जि जिया के हाथों ग्रुप बी का तीसरा और आखिरी मैच सीधे गेम में हारकर सत्र के आखिरी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी को आल इंग्लैंड चैम्पियन ली ने 37 मिनट में 21.19) 21.14 से हराया। दुनिया के आठवें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हाथों श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। वह हाइलो ओपन में भी उससे हार गए थे। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी का भी अभियान समाप्त हो गया, हालांकि उन्होंने ग्रुप के तीसरे और अंतिम मैच में च्लो बिर्च और लॉरेन स्मिथ की इंग्लैंड की जोड़ी पर 21-19 9-21 21-14 से जीत दर्ज की। मौजदा विश्व चैम्पियन सिंधू मुकाबले के दौरान चोचुवोंग के खिलाफ रैलियों पर नियंत्रण नहीं बना सकीं। प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी अपने बेहतरीन स्ट्रोक्स से उनसे आगे ही रहीं। चोचुवोंग ने 5-3 की बढ़त के बाद ब्रेक तक इसे 11-6 कर दिया। थाईलैंड की खिलाड़ी को अपने कोण लेते और तेज तर्रार रिटर्न का फायदा मिला जिससे वह 17-9 से बढ़त बनाये थीं। सिंधू के वाइड जाने के बाद उन्होंने पहला गेम अपने नाम किया। सिंधू ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए 6-3 की बढ़त हासिल की और ब्रेक तक वह पांच अंक की बढ़त बनाये थीं। पर तीन रक्षात्मक चूक से चोचुवोंग ने सिंधू से बढ़त के अंतर को कम किया। दोनों के बीच रैलियों का रोमांचक मुकाबला चला जिससे स्कोर 16-16 से बराबर हो गया। पर सिंधू ने अपने प्रतिद्वंद्वी की बैकलाइन पर गलती से गेम जीतकर बराबरी हासिल की। निर्णायक गेम भी चुनौतीपूर्ण रहा जिसमें चोचुवोंग ने ब्रेक तक 11-7 तक बढ़त बना ली।

उन्होंने अपनी बढ़त बनाना जारी रखा और 17-14 से आगे हो ली। फिर लगातार अगले तीन प्वाइंट जुटाकर मैच जीत लिया। इससे पहले श्रीकांत शुरूआत में 0.3 से पीछे थे लेकिन एक समय 9.8 की बढ़त बना ली।

# दक्षिण अफ्रीका ने घरेलू मुकाबले स्थगित किये, भारतीय टीम के दौरे पर भी आशंकाएं लगीं

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।**



क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीए) ने टीम के कुछ सदस्यों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद अपने घरेलू मैच स्थगित कर दिए हैं। इससे अगले माह होने वाले भारतीय टीम के दौरे को लेकर संशय गहरा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी सरकार से मिली सलाह के बाद इस दौरे को लेकर अपना फैसला करेगा। अभी तक केन्द्र सरकार ने बीसीसीआई को दौरे की अनुमति नहीं दी है। दक्षिण अफ्रीका में कोविड का नया संस्करण ओमीक्रोम आने के बाद से ही इस दौरे को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा, ' डिविजन टू सीएसए चार दिवसीय घरेलू सीरीज के चौथे दौर के सभी तीन मैच स्थगित कर दिए गए हैं, यह 2 से 5 दिसंबर के बीच होने थे।' बोर्ड ने यह भी कहा कि यह प्रतियोगिता जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में नहीं हो रही और पिछले कुछ दिनों में टीम के पहुंचने से पहले परीक्षण में संक्रमण के कुछ मामले पाये गये थे। 'उन्होंने कहा, 'खेल से जुड़े सभी लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और बेहतरी को तय करने के लिए सीएसए ने कोविड-19 नियमों को को लागू करना अपनी पहली प्राथमिकता बताया है।' वहीं भारतीय टीम के साथ होने वाली सीरीज को लेकर सीएसए ने कहा कि यह जैविक रुप से सुरक्षित माहौल में खेली जाएगी। भारतीय टीम को अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे में तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और चार टी20 के मुकाबले खेलने हैं।



## दानिल मेदवेदेव ने रूस को डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मैड्रिड ।** दानिल मेदवेदेव ने डेविस कप फाइनल्स में अपना शानदार रिकॉर्ड कायम रखते हुए रूस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने मिखाइल यामेर को 6-4, 6-4 से हराकर रूस को क्वार्टर फाइनल में स्वीडन पर 2-0 की बढ़त दिला दी। आंद्रेइ रूबलेव ने इससे पहले मिखाइल के बड़े भाई एलियास यामेर को 6-2, 5-7, 7-6 से हराया। रूस का सामना सेमीफाइनल में जर्मनी से होगा। सर्बिया दूसरे सेमीफाइनल में क्रोएशिया से खेलेगा। मेदवेदेव ने इससे पहले ग्रुप चरण में स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और इक्वाडोर के एमिलियो गोमेज को हराया था।


# मेंडिस-एम्बुलदेनिया के पंजे से श्रीलंका ने वेस्ट इंडीज को 2-0 से किया क्लीन स्वीप

**गाले (एजेंसी)।**



स्पिन गेंदबाजों रमेश मेंडिस (6/70, 5/66) और लसित एम्बुलदेनिया (2/94, 5/35) की घातक गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को वेस्ट इंडीज को 164 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। मैच के पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए 297 रन का पीछा करने उतरी मेहमान टीम वेस्ट इंडीज 56.1 ओवर में 132 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने 164 रन से बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-0 से अपने नाम की। उसकी इस जीत में ऑफ ब्रेक स्पिन गेंदबाज रमेश मेंडिस और लेफ्ट आर्म स्पिनर लसित एम्बुलदेनिया की भूमिका सबसे अहम रही। रमेश और एम्बुलदेनिया ने दूसरी पारी में पांच-पांच विकेट लेकर वेस्ट इंडीज को 132 रन पर ऑलआउट किया और टीम को जीत दिलाई। रमेश ने इससे पहले पहली पारी में 70 रन पर छह और एम्बुलदेनिया ने 94 रन पर दो विकेट लिए। रमेश को पूरी सीरीज में 15 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया, जबकि उनके टीम के साथी धनंजय डी सिल्वा को दूसरी पारी में नाबाद शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार दिया गया। उल्लेखनीय है कि धनंजय की 155 रन की नाबाद पारी की बदौलत ही श्रीलंका वेस्ट इंडीज को 300 के करीब का लक्ष्य दे पाया। श्रीलंका ने आज 121.4 ओवर में नौ विकेट पर 345 रन बना कर पारी घोषित की। धनंजय के अलावा सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने 66 और एम्बुलदेनिया ने महत्वपूर्ण 39 रन बनाए। वेस्ट इंडीज की तरफ से लेफ्ट आर्म स्पिनर वीरसामी पेरमॉल ने मैच में आठ विकेट लिए।

## संक्षिप्त समाचार



### एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी : दक्षिण अफ्रीका ने पाक को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** दक्षिण अफ्रीका ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के क्लासीफिकेशन मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पेनल्टी शूटआउट में पाक को 4-1 से पराजित किया। इस मैच में दोनो ही टीमें निर्धारित समय तक बराबरी पर थी। इस कारण मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ। इस मैच में पाक की ओर से अबुजार ने पांचवें, अब्दुल शाहिद ने 25वें और अब्दुल रहमान ने 37वें मिनट मिनट में गोल किए। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की ओर से संेजविसिले ने 32वें और गाइ मोर्गन ने 37वें मिनट और इदरीस अब्दुल्ला ने 38वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। पाक की टीम अब 11वें और 12वें स्थान के लिए होने वाले प्लेऑफ मुकाबले में पोलैंड और कोरिया के बीच होने वाले मैच में हारने वाली टीम का सामना करेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका नौवें और 10वें स्थान के लिए होने वाले मुकाबले के लिए विजेता टीम से खेलेगी। इससे पहले कनाडा ने 13वें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैच में अमरीका को 4-0 से हराया जबकि चिली ने मिस्त्र को हराया। दिन के पहले मैच में कनाडा की ओर से क्रिस्टोफर टार्डिफ ने 20वां मिनट, अलेक्जेंडर बर्ड ने 25 वें मिनट और फ्लिन मैकुलोच ने 38 वें मिनट में गोल किये। बर्ड ने 52वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर भी गोल किया। दिन के दूसरे मैच में चिली ने राइमुंडो वालेंजुएला के 46वें मिनट में किए गए मैदानी गोल से मिस्त्र को हराया। अब उसका सामना 13वें से 14वें स्थान के लिए होने वाले मैच में कनाडा से होगा।

### दर्शकों के बिना ही खेला जाएगा पीकेएल

**नई दिल्ली ।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का आठवां सत्र इसी माह के अंत में 22 दिसंबर से शुरू होगा पर कोरोना के नये संस्करण ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए इसे दर्शकों के बिना ही खेला जाएगा। पीकेएल का आठवां सत्र यू मुंबा और बेंगलुरु बुल्स के मैच से शुरू होगा। इसके बाद तेलुगू टाइटंस का सामना तमिल थलाइवा से होगा। वहीं यूपी योद्धा की टक्कर गत विजेता बंगाल वारियर्स से होगी। कोरोना महामारी को देखते हुए बेंगलुरु व्हाइटफील्ड होटल एंड कंवेंशन सेंटर को बायो-बबल (जैविक रुप से सुरक्षित माहौल ) में बदल दिया गया है। सभी 12 टीमें यहीं रहेंगी और खेलेंगी। प्रो कबड्डी लीग के कार्यक्रम जारी होने के बाद वीवी प्रो कबड्डी लीग के कमिश्नर व आयोजक मशाल स्पोर्ट्स के सीईओ अनुपन गोस्वामी ने कहा कि वीवी प्रो कबड्डी लीग भारत के अपने खेल कबड्डी को फिर से लोकप्रिय बनाने के लिए नए प्रारूप के साथ जानी जाती है। हमारा लक्ष्य इस खेल को फिर से एक नई ऊंचाई देने का है। साथ ही कबड्डी प्रेमियों के लिए ये एक बड़ी सौगात है जिससे उनका खूब मनोरंजन भी होता है। गोस्वामी ने साथ ही कहा कि इस बार दो हिस्सों में शेड्यूल जारी करने से टीमों को बेहतर रणनीति बनाने में मदद मिलेगी साथ ही साथ इससे हम इस खेल के प्रशंसकों के साथ भी ज्यादा वक्त तक जुड़े रहेंगे।

# लंका प्रीमियर लीग में मिलेगी दर्शकों को एंट्री, श्रीलंका क्रिकेट ने की घोषणा

**कोलंबो (एजेंसी) ।**



श्रीलंका के लीग क्रिकेट टूर्नामेंट लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पांच से 23 दिसंबर तक होने वाले दूसरे संस्करण के लिए केवल 50 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति होगी। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की है। समझा जाता है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय की सिफारिश के बाद यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय की सिफारिश के मद्देनजर श्रीलंका सरकार, क्रिकेट बोर्ड और लीग के आयोजकों की ओर से टूर्नामेंट के दौरान सभी एहतियातन उपायों को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत योजना भी लागू की जाएगी। लीग मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम, जबकि नॉकआउट मैच हंबनटोटा के महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रशंसकों को मैचों के दौरान हर समय मास्क पहने रखना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। एलपीएल के आधिकारिक प्रमोटर आईपीजी के सीईओ अनिल मोहन ने एक बयान में कहा, कोई भी टूर्नामेंट इसके प्रशंसकों के बिना पूरा नहीं होता है, इसलिए हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम एलपीएल के दूसरे सत्र के लिए स्टेडियम में 50 प्रतिशत प्रशंसकों को खड़े होने की अनुमति देंगे। प्रशंसकों और एलपीएल में शामिल सभी लोगों का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसलिए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मैचों के दौरान सभी कोरोना रोकथाम उपायों का पालन किया जाए।




## रोनाल्डो ने 800 गोल के आंकड़े को पार किया, मैनचेस्टर युनाइटेड ने आर्सेनल को हराया

**लंदन (एजेंसी)।**

पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर युनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को आर्सेनल पर 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने इस दौरान शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने 800 गोल पूरे किए। रोनाल्डो ने मैच के 52वें मिनट में गोल कर क्लब और देश के लिए मिलाकर 800 गोल के आंकड़े को पूरा किया। उन्होंने इसके बाद 70वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले एमिल स्मिथ ने 14वें और मार्टिन ओडेगार्ड ने 54वें मिनट में आर्सेनल के लिए जबकि ब्रुनो फर्नांडिस ने 44वें मिनट में मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए गोल किया था। मैनचेस्टर की टीम ने जर्मनी के दिग्गज कोच राल्फ रेंगनिक के आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभालने से पहले यह जीत दर्ज की। पिछले महीने 21 तारीख को ओले गुनार सोल्सकर को बर्खास्त किए जाने के बाद पूर्व खिलाड़ी माइकल केरिक मैनचेस्टर युनाईटेड के प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। केरिक ने प्रभारी रहते टीम ने तीन मैच खेले लेकिन उसे किसी में भी हार का सामना नहीं करना पड़ा।

## मैरीकॉम ने दिव्यांग व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर विशेष ओलंपिक भारत का समर्थन किया



**नई दिल्ली ।** ओलिम्पिक पदक विजेता और छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एम.सी. मैरीकॉम ने विशेष ओलिम्पिक भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य उत्सव की शुरुआत की जो 'स्पेशल एथलीट' (दिव्यांगजन) के स्वास्थ्य की देखभाल और विकास में सुधार के लिए शुरू किया गया। मैरीकॉम ने इसके लिये अपने समर्थन का आश्वासन भी दिया। फिक्की और विशेष ओलंपिक भारत ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर यहां फिक्की फेडरेशन हाऊस में संयुक्त रूप से 'नेशनल हेल्थ फेस्ट फॉर दिव्यांगजन - वी केयर' लांच किया। मैरीकॉम इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने उन दिव्यांग एथलीट के साथ बातचीत भी की जिन्होंने 2019 विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में भारत के लिये पदक जीते थे।

# जूनियर हॉकी विश्व कप पर कोरोना का साया, एक व्यक्ति पॉजिटिव

**भुवनेश्वर (एजेंसी) ।**



कड़े प्रोटोकॉल के बावजूद यहां चल रहा जूनियर हॉकी विश्व कप कोरोना महामारी की चपेट में आ गया है और शुक्रवार को एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया जो कलिंगा स्टेडियम पर मीडिया सेंटर के संपर्क में था। बायो बबल के भीतर होने और इसकी कवरेज के लिए आए मीडिया की हर 48 घंटे में आरटी पीसीआर जांच होने के बावजूद गुरूवार को कराये गए टेस्ट में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया। स्थानीय आयोजन समिति के एक सदस्य के अनुसार यह व्यक्ति ओडिशा सरकार के खेल और युवा कार्य विभाग की सोशल मीडिया टीम का सदस्य है। इस घटना से आयोजकों में दहशत फैल गई और सभी पत्रकारों के लिए शुक्रवार को आरटी पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया जिसके बिना उन्हें मीडिया सेंटर पर प्रवेश नहीं मिलेगा। स्थानीय अधिकारी ने कहा, 'आज सभी के लिए आरटी पीसीआर अनिवार्य है जो मीडिया सेंटर आना चाहते हैं और बाकी टूर्नामेंट कवर करना चाहते हैं। हर 48 घंटे में टेस्ट हो रहा है लेकिन ओडिशा खेल विभाग की सोशल मीडिया टीम के एक सदस्य के पॉजिटिव पाए जाने के बाद यह अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'वह रोज मीडिया सेंटर आ रहा था। उसके संपर्क में आए लोगों की पहचान की गई है। मीडिया सेंटर का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के लिये टेस्ट अनिवार्य है।' 25 नवंबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में अभी तक कोई घटना नहीं हुई थी। इसे दर्शकों के बिना बायो बबल में आयोजित किया जा रहा है और मीडिया को भी कड़े कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना पड़ रहा है। भारत के मैचों में हालांकि मैदान में दर्शक दिख रहे हैं। बेल्जियम के खिलाफ बुधवार को क्वार्टर फाइनल में करीब 3000 दर्शक थे। राज्य के सूचना अधिकारी सुजीत रंजन स्वेन ने एक बयान में कहा, 'इनमें अधिकांश खेल होस्टल के छात्र, स्टाफ या कोच हैं। कुछ परिवार के साथ आए होंगे। कुछ परिवार परिसर में ही रह रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों के परिवार के भी 70-90 सदस्य थे। कुछ हॉकी इंडिया के प्रतिनिधियों के परिवार और कुछ पूर्व हॉकी खिलाड़ी भी थे।' टूर्नामेंट की शुरूआत से पहले ही ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने कोरोना महामारी के कारण नाम वापस ले लिया था।

## वानखेड़े स्टेडियम जा रहे भारतीय टीम के खिलाड़ियों का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**मुंबई।** मुंबई के चर्चगेट इलाके में शुक्रवार सुबह डी लेन से गुजरने वाले लोग उस समय हैरान रह गए जब वहां से गुजर रहे वानखेड़े स्टेडियम जा रहे भारतीय टीम के काफिला का लोगों ने शंख बजाकर, देश का झंडा लहराकर और भारत माता की जय के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। सड़क पर लोगों का इस तरह का उत्साह देखने लायक था क्योंकि लगभग पांच साल बाद मुंबई में टेस्ट मैच हो रहे हैं । स्टेडियम के पास सुबह से ही इकट्ठी हुई भीड़ अपने आप को रोक नहीं सकी जब भारतीय टीम बसों से स्टेडियम जा रहे खिलाड़ी उनको नजर आए। इस दौरान लोगों ने विभिन्न तरीकों से टीम का स्वागत किया। 2016 में भारत बनाम इंग्लैंड का टेस्ट मैच आखिरी बार वानखेड़े में खेला गया था । उसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण क्रिकेट खेला जाना संभव नहीं था इसलिए इस दौरान सभी मैचों को स्थगित कर दिया गया था। बता दें कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत मुंबई क्रिकेट संघ को सिर्फ आठ हजार टिकट बेचने की अनुमति थी क्योंकि सरकार ने केवल 25 प्रतिशत दर्शकों के साथ स्टेडियम की क्षमता को भरने के लिए आदेश दिया था। मुंबई पुलिस द्वारा टेस्ट के लिए स्टेडियम में व्यवस्था करने और अधिकारियों के साथ कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हालांकि बारिश के कारण मैदान पर गीले पैच के कारण मैच देरी से शुरू हुआ था। उस समय भीड़ का उत्साह थोड़ा कम हो गया था, लेकिन जब खिलाड़ी वार्म-अप और हल्के अभ्यास के लिए मैदान पर आए तो वहां भी भारतीय झंडे लहराकर दर्शकों ने उनका स्वागत किया।



# तापसी पन्नू की 'शाबाश मिठू' फरवरी 2022 में होगी रिलीज, निर्माता ने किया ऐलान

**तापसी पन्नू** अभिनीत ''शाबाश मिठू'' अगले साल चार फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है। 'वायकॉम18 स्टूडियोज' की इस फिल्म का निर्देशन प्रख्यात बंगाली फिल्म निर्माता श्रीजीत मुखर्जी ने किया है। ''शाबाश मिठू'' में राज की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और सफलता के क्षणों को दिखाया जाएगा। पन्नू (34) ने इस फिल्म में राज का किरदार निभाया है। वायकॉम18 स्टूडियोज ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के 39वें जन्मदिन पर फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा की। बैनर ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर पोस्ट किया, ''एक लड़की ने अपने क्रिकेट बैट से विश्व रिकॉर्ड्स और रूढ़ियों को तोड़ दिया। आपने यह सब किया है चैम्पियन...जन्मदिन मुबारक मिठू। शाबाश मिठू चार फरवरी 2022 को सिनेमाघरों में आ रही है।

# सारा उससे करेंगी शादी, जो बनेगा घर जमाई

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सारा अली खान (स्ड्डह्म्ड्ड ्रद्यद्ब च्द्धड्डठ्ठ)की बात करे तो एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं. एक्ट्रेस का इस समय खबरों में आने का एक कारण है वो उनका हालही में वायरल हुआ एक इंटरव्यू है. जिसमें वो अपने दिल की बातों को साझा करती हुई नजर आईं थी. वो इस वायरल इंटरव्यू में ये कह रही थी कि, मैं चूड़ियों को कपड़ों से मैच किए बिना इंटरव्यू के लिए ही नहीं आ सकती और इसमें मैं अपनी मां की मदद लेती हूं. जब तक मेरी मां मैचिंग नहीं बनातीं मैं आ ही नहीं सकती. मेरी औकात नही है मम्मी से दूर भागने की. कहीं भी भाग जाओ घर तो वहीं जाना है रोज़.

आपको बता दें, सारा आगे कहती हैं- मैं शादी भी उसी से करूंगी जो यहां आकर मेरे और मम्मी के साथ रहेगा. मैं उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगा. मेरी मां मेरी तीसरी आंख हैं, इसलिए मैं उनसे कभी दूर नहीं भागूंगी. सारा अली खान का यह इंटरव्यू खूब वायरल हो रहा है. लोग इस बात पर एक्ट्रेस की तारीफ भी कर रहे हैं. उनकी इस बात से ये भी साफ पता चल रहा है कि वो अपनी मां से कितना ज्यादा प्यार करती हैं.



# एक्शन थ्रिलर कंधार में जेरार्ड बटलर के साथ नजर आएंगे अली फजल




**अभिनेता** अली फजल जेरार्ड बटलर के साथ कंधार नामक एक एक्शन थ्रिलर में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कंधार का निर्देशन रिक रोमन वॉ कर रहे हैं, जिन्होंने एंजेल हैस फॉलन, फेलॉन, ग्रीनलैंड जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। इस लिस्ट में जेके सिमंस के साथ आने वाली एक फिल्म नेशनल चैंपियंस भी शामिल हैं। परियोजना का हिस्सा बनने पर उत्साहित अली ने कहा, मैं हमेशा नए और रोमांचक उपक्रमों के लिए तत्पर रहता हूं। हम जल्द ही शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। कंधार पटकथा पर आधारित है, जिसे निर्देशक ने पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी मिशेल लाफॉर्च्यून के साथ मिलकर बनाया था। अफगानिस्तान में डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी में मिशेल के अनुभवों ने कहानी को आकार दिया है और फिल्म की मुख्य फोटोग्राफी जल्द ही सऊदी अरब में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म का निर्माण जॉन विक और सिसेरियो, जी-बेस और कैपस्टोन ग्रुप के निर्माता थंडर रोड फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। वहीं अली जल्द ही आरती कदव की एक अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने कुछ दिन पहले अपने इंस्टाग्राम पर फ्यूचरिस्टिक स्पेस फिल्म का पहला लुक साझा किया था।

## पहली बार ब्रेकअप पर खुलकर बोलीं सान्या

**दंगल गर्ल** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा असर अपने काम की वजह से सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं, लेकिन इस बार वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सान्या ने पहली बार अपने ब्रेकअप पर भी बात की है। उन्होंने खुल कर अपने रिलेशन और ब्रेकअप के बाद मिले दर्द पर बात की। सान्या मल्होत्रा ने बताया कि वे भी इस दर्द से गुजर चुकी हैं और अब खुद को मानसिक तौर पर मजबूत करने पर काम कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि हर किसी के लिए ब्रेकअप बहुत मुश्किल वक्त होता है, लेकिन मुझे इस वक्त ने खुद पर काम करने के लिए प्रेरित किया है। मेरा ब्रेकअप बहुत दर्द से भरा था। चार साल लंबा, लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप, ये तब शुरू हुआ जब मैं दिल्ली में ही रहती थी। सान्या ने बताया कि जिस समय हमने अलग होने को फैसला लिया, उस वक्त लॉकडाउन लग गया था और मैं मुंबई मेंअकेले थी। इस मुश्किल समय में मैंने खुद को संभाला, उनको समझा और खुद पर काम किया। साल 2020 मेरे लिए खुद को ठीक करने का एक अच्छा साल था। उन्होंने आगे कहा कि, हम सबको प्यार के बारे में जो सबसे बड़ा झूठ कहा जाता है वह यह है कि खुद से प्यार जरूरी नहीं है। जैसे हम बॉलीवुड में देखते है कि एक इंसान हश्वयार के लिए दूसरे के पीछे दौड़ता है। लेकिन असल में ये आपके अंदर ही है।



# अनुपम खेर को अनिल कपूर ने गिफ्ट किया महंगा चश्मा, फिर बोली तीखी बात



**बॉलीवुड** के मशहूर अभिनेता अनुपम खेर सोशल मीडिया पर कुछ ना कुछ ऐसा शेयर कर ही देते हैं जो सुर्खियों में आ जाते हैं. कभी अनुपम खेर अपनी मां दुलारी के साथ मजेदार वीडियो शेयर करते हैं तो कभी अपने गंजेपन को लेकर भी बात करते हैं. मगर इस बार अनुपम खेर ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसे देखकर पता चलता है कि अनुपम खेर और एक्टर अनिल कपूर के बीच काफी गहरी दोस्ती है. वीडियो में अनुपम खेर वो चश्मा दिखा रहे हैं जो अनिल कपूर उनके लिए लाए हैं. लेकिन अनिल कपूर कुछ ऐसा कह देते हैं जिसे सुनकर अनुपम खेर को गुस्सा आ जाता है. अनुपम खेर ने वीडियो के साथ लिखा, 'मेरे सबसे प्यारे दोस्त अनिल कपूर ने मुझे लंदन से बहुत ही खास और स्टाइलिश डिजाइनर चश्मा दिलवाया. लेकिन वो ये भी दोहराते रहे कि ये कितना महंगा है. कैमरे के पीछे की उनकी टिप्पणियां इतनी उत्साहजनक नहीं थीं. लेकिन तथ्य यह है कि वह यह मेरे लिए लाए और मुझे ये पसंद है. आपके प्यार और उदारता के लिए #KapoorSaab धन्यवाद!' अनुपम खेर के वीडियो को लाखों व्यूज मिल चुके हैं. अनिल कपूर बीते दिनों जर्मनी अपने इलाज के लिए गए थे. इस दौरान उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया था. वीडियो में अनिल कपूर ने बताया था कि वो जर्मनी में अपने इलाज के आखिरी दिन डॉ मुलर से मिलने जा रहे हैं. जिनकी मदद से बिना सर्जरी वो ठीक हो पाए. वहीं अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो आने वाले दिनों में उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं. साल 1984 में महेश भट्ट की फिल्म 'सारांश' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अनुपम खेर ने हर तरह के किरदार निभाए हैं. पर्दे पर वह विलेन से लेकर कॉमेडियन तक सब बने हैं. 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है', 'ए वेडनेसडे' जैसी कई फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय से साबित किया कि वो एक बेहतरीन कलाकार हैं.

# आयुष शर्मा का छलका दर्द कहा, मैं यहां यूं ही खाली हाथ नहीं घूम रहा मेरे पास भी पैसे हैं


**सलमान खान** की बहन के पति आयुष शर्मा इस समय अपनी फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ को लेकर चर्चा में थे. फिल्म में आयुष की एक्टिंग को खूब सराहना भी मिली. साथ ही एक्टर ने सलमान खान संग पहली दफा बिग स्क्रीन शेयर किया है. फिल्म को दर्शको का रिस्पॉन्स भी अच्छा- खासा मिला है. वहीं आयुष शर्मा का एक इंटरव्यू जमकर वायरल हो रहा है. लगातार उनका यह इंटरव्यू खबरों में बना हुआ है.

### मैं यहां यूं ही खाली हाथ नहीं घूम रहा मेरे पास भी पैसे हैं

आपको बता दें कि एक्टर ने अपने इस वायरल इंटरव्यू में कहा है कि लोग उनके बारे में यह सोचते हैं कि जो कुछ भी उनके पास है वह सलमान खान का है. उनका दर्द इस इंटरव्यू में साफ झलक रहा था. वो ये भी कहते हुए नजर आए कि उनके पास भी पैसे हैं. इंटरव्यू में आयुष शर्मा ने कहा है, 'दुर्भागय से मेरी लाइफ में ऐसा कुछ है कि आप कोई भी छोटा सा काम करने जाओ..जैसे आप कोई कार खरीदो तो लोग कहने लगते हैं...अच्छा ये तुम्हें सलमान से मिली होगी. आप कुछ भी करें लोगों को लगता है कि वो सलमान की वजह से है, मैं यहां यूं ही



खाली हाथ नहीं घूम रहा.'एक्टर आगे कहते हुए नजर आते हैं, 'लेकिन फिर मैं ये सोचता हूं कि चलो ठीक है...मुझे आलोचना और निगेटिविटी पसंद है. जब मुझे कोई ट्रोल करता है तो अच्छा लगता है क्योंकि मुझे अंदर से यह आवाज आती है कि मैं उस व्यक्ति को गलत साबित करूं'. साथ ही आयुष ने कहा 'सच्ची आलोचना' उन्हें सुधार करने का मौका देती है और वे सही और सच्ची आलोचना और जबरदस्ती में की गई आलोचना के बीच का फर्क जानते हैं.



# ब्लैक स्लीवलेस ड्रेस पहन तारा सुतारिया ने बरपाया कहर

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस तारा सुतारिया के सितारे बुलंदी छू रहे हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया कुछ तस्वीरें शेयर की है जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रही हैं. एक्ट्रेस ने ब्लैक स्लीवलेस ड्रेस पहन रखी है, जिसमें वो कहर बरपा रही हैं. उनकी ग्लैमरस फोटोज देखने के बाद हर कोई हैरान रह गया है. ये तस्वीरें एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. तस्वीरों में तारा सुतारिया अलग-अलग पोज देते हुए नजर आ रही हैं. एक तस्वीर में तारा मिरर के सामने खड़ी होकर पोज देते हुए नजर आ रही हैं.

आपको बता दें, तारा सुतारिया इन लेटेस्ट फोटोज में काफी हॉट लग रही हैं. एक्ट्रेस ने गले में डायमंड का चोकर पहन रखा है, जो उनके लुक को कंप्लीट कर रहा है. तारा पॉपुलर अदाकाराओं में से एक है. इनका नाम आते ही फैंस का दिल थम जाता हैं. एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों के जरिए सभी के दिल में एक अहम जगह बनाई है. लोग उनकी फिल्मों को खूब पसंद करते हैं. वहीं फैंस उनके संस्कारी लुक के साथ- साथ उनके बोल्ड लुक को भी पसंद करते हैं. उनका लुक लगातार सुर्खियों की वजह बना हुआ है. एक्ट्रेस की तस्वीरें इस समय काफी ज्यादा वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने ये तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा की हैं. जिसे देख फैंस उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं.

बता दें,तारा ने अपने हाल ही के पोस्ट से सभी को चौंका दिया है वो अपनी पोस्ट में काफी ज्यादा बोल्ड लग रही है. इन तस्वीरों को देखने के बाद कोई भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहा है. एक्ट्रेस की तस्वीरों से बोल्डनेस साफ झलक रहीं हैं. अपनी हॉट तस्वीर से उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खीच लिया है. फैंस उनकी पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं. आज वह उस मुकाम पर हैं जहां पहुंचना आसान नहीं है. एक बार फिर से फैंस के लिए चर्चा का विषय बन गई हैं. अपनी बीच की हॉट तस्वीरों से उन्होंने सोशलमीडिया का तापमान बढ़ा दिया है.

## यूरोप में डेल्टा का कहर जारी, नाइजीरिया और सऊदी अरब भी आए ओमिक्रॉन की चपेट में

**अमेरिका।** अमेरिका में ओमिक्रॉन वैरिएंट का पहला मामला सामने आने के बाद अब तक कुल तीन मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इस तरह अब-तक दुनिया के 29 देशों में ओमिक्रॉन की पुष्टि हो चुकी है। पहला मामला सामने आने पर अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. एंथनी फौसी ने व्हाइट हाउस में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह तो पहले से तय था, बस समय की बात थी। फॉसी ने बताया कि संक्रमित 22 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से लौटा था, उसे मॉडर्ना की वैक्सीन की दोनों खुराक लगी थीं। वहीं, नाइजीरिया और सऊदी अरब ने भी ओमिक्रॉन संक्रमण की सूचना दी।

**जर्मनी में टीका नहीं लगवाने वालों पर पाबंदी...**

जर्मनी ने ओमिक्रान के खतरे को देखते हुए लाकडाउन से बचने के लिए टीका नहीं लगवाने वालों पर पांबदी लागने की घोषणा की है। हांलाकि राशन दुकान, फार्मेसी और बेकरी इससे मुक्त रहेंगे। जर्मनी की चांसलर एंगेला मर्केल ने कहा हम समझ गए हैं कि हालात बहुत गंभीर हैं। अगले साल फरवरी तक कानून बनाकर देशभर में टीकाकरण अनिवार्य किया जाएगा। ईयू के कार्यकारी निकाय की प्रेसिडेंट वॉन डेर लेयेन ने यूरोप में टीकाकरण अनिवार्य करने पर जोर दिया है। ग्रीस 60 से अधिक उम्र के उन लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रहा है, जिन्होंने टीका नहीं लिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने ओमिक्रॉन से प्रभावित देशों पर कोई यात्रा प्रतिबंध नहीं लगाया है बल्कि निगरानी को मजबूत किया है, जबकि कुछ देशों ने सीमाएं जोखिम वाले देशों के लिए बंद कर दी हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जोखिम वाली 11 देशों की सूची ओमिक्रॉन से पहले से है इसलिए इसे ओमिक्रॉन सूची नहीं कहा जा सकता।

## हाफिज सईद के घर के बाहर धमाका: कोर्ट ने मांगा जवाब, गिरफ्तार महिला ने किया आतंकियों से संबंध नहीं होने का दावा

**इस्लामाबाद।** मुंबई हमले के साजिशकर्ता और कुख्यात आतंकी संगठन जमात-उल-दावा के सरगना हाफिज सईद के घर के बाहर धमाके के मामले में गिरफ्तार आयशा बीबी की जमानत याचिका पर पाकिस्तान की स्थानीय अदालत ने काउंटर टेररिज्म विभाग और पंजाब सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। जौहर टाउन स्थित हाफिज के घर के बाहर 23 जुलाई को हुए धमाके में तीन लोगों की मौत हुई थी और 20 घायल हुए थे। इसमें कई घरों, दुकानों और वाहनों को क्षति पहुंची थी। पंजाब सरकार ने इस मामले में लिप्त सभी 10 पाकिस्तानी संदिग्धों का पता लगाने का दावा किया था। पुलिस ने इस मामले में पीटर पॉल डेविड, ईद गुल, आयशा बीबी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

आयशा ने पाकिस्तान उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए कहा कि उस पर केवल आतंकियों को मदद देने का आरोप है। उसका गिरफ्तार आतंकियों के साथ कोई संबंध नहीं है। उसकी वकील फिदा हुसैन ने कहा कि धमाके के समय वह जौहर टाउन में मौजूद भी नहीं थी। जांच पूरी हो चुकी है और उनकी मुवक्किल के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। उन्होंने आयशा को जमानत देने की मांग की। सूत्रों का कहना है कि पांच महीने बाद भी पाकिस्तान का काउंटर टेररिज्म विभाग इस मामले की जांच पूरी नहीं कर पाया है। इसके कारण मुकदमे की सुनवाई भी शुरू नहीं हो सकी है। पंजाब पुलिस के प्रमुख इनाम गनी का कहना है कि विस्फोटक सईद के घर के बाहर खड़ी कार में रखा गया था।

## फैसला- संयुक्त राष्ट्र में म्यांमार के सैन्य शासन, तालिबान को स्थान नहीं

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार और म्यांमार के सैन्य शासन को प्रतिनिधित्व देने से इनकार कर दिया है। मौजूदा स्थायी अफगान मिशन ही फिलहाल अफगानिस्तान का यूएन में प्रतिनिधित्व करता रहेगा। माना जा रहा है कि तालिबान की दमनकारी हरकतों के कारण मान्यता न देने फैसला किया गया है। अफगान मिशन के अनुसार यूएन की मान्यता समिति ने इस विषय पर बैठक करके निर्णय लिया कि मौजूदा अफगान शासन और म्यांमार की सैन्य सरकार को यूएन में सीट नहीं दी जा सकती। नतीजे में अशरफ गनी सरकार के समय नियुक्त किए गए मौजूदा अफगान मिशन का प्रतिनिधित्व बरकार रहेगा। आने वाले दिनों में यही समिति महासभा को अपनी रिपोर्ट देगी। इस प्रकार अफगान नागरिक अगर यूएन से संपर्क करते हैं तो यही मिशन मदद करेगा। इससे पहले नवंबर में यूएन की विशेष प्रतिनिधि डेबोरा लियन ने कहा था कि तालिबानी यूएन से मान्यता तो चाहते हैं, लेकिन विश्वास का संकट बना हुआ है। महिलाओं, अल्पसंख्यकों व स्थानीय समुदायों पर उसने जो कदम उठाए, उनसे मान्यता पाने में नई बाधाएं पैदा हुईं। हालांकि, लोगों को संकटपूर्ण हालात से उबारने के लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान के नेताओं से वार्ता जारी रखने का निवेदन किया था।

# ओमिक्रोन के बढ़ते खतरे के बीच डब्ल्यूएचओ ने एशिया-प्रशांत देशों को किया आगाह, स्वास्थ्य सेवा क्षमताओं को बढ़ाने का किया आग्रह

**मनीला।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के खतरे के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एशिया-प्रशांत देशों को आगाह किया है। उन्होंने देशों से अपनी स्वास्थ्य सेवा क्षमताओं को बढ़ावा देने का आग्रह किया है इसके साथ ही कोरोना टीकाकरण में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया है ताकि इस वायरस के तेजी से बढ़ते संक्रमण से बचा जा सके। बता दें कि पिछले महीने के आखिर में दक्षिण अफ्रीका में इस वैरिएंट का पहला मामला सामने आया था।



विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'वैरिएंट आफ कंसर्न' की कैटेगरी में रखा है। हालांकि वैज्ञानिक अभी भी यह स्थापित करने के लिए डेटा एकत्र कर रहे हैं कि ओमिक्रोन कितना संक्रामक है, और इससे होने वाली बीमारी की गंभीरता क्या है। आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, मलेशिया और भारत में इस वैरिएंट के मामले सामने आने के बाद यह कम से कम 30 देशों में दस्तक दे चुका है। कई सरकारों ने इसके मद्देनजर यात्रा नियमों को सख्त कर दिया है। कई देशों ने दक्षिणी अफ्रीका के सात देशों की यात्रा पर पाबंदी लगा दी है। पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक ताकेशी कासई ने एक वर्चुअल मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'हर देश और हर समुदाय को मामलों में वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए।' कासई ने कहा, 'लोगों को न केवल सीमा उपायों पर भरोसा करना चाहिए, उन्हें संभावित उच्च संचरण क्षमता वाले इन प्रकारों के लिए तैयार रहना भी सबसे महत्वपूर्ण है। अब तक उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि हमें अपना दृष्टिकोण बदलने की जरूरत नहीं है।' कासई ने कहा कि देशों को डेल्टा वैरिएंट से निपटने के दौरान सीखे गए सबक का उपयोग करना चाहिए और कमजोर समूहों का पूरी तरह से टीकाकरण होना चाहिए। इसके अलावा मास्क पहनने एवं शारीरिक दूरी बनाने के नियमों जैसे निवारक उपायों को लागू करने का भी आग्रह किया। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर प्रतिबंध के बावजूद, आस्ट्रेलिया में ओमिक्रोन का मामला सामने आया है और इसके अलावा अमेरिका के भी पांच राज्यों में इसके मामले दर्ज किए गए हैं।

## माडर्ना वैक्सीन की दूसरी डोज पांच महीने बाद ज्यादा प्रभावी, ओमिक्रोन से निपटने को वैक्सीन अपडेट कर रहा फाइजर

**लास एंजलिस।** एक अध्ययन के अनुसार माडर्ना की कोरोनारोधी वैक्सीन कोरोना संक्रमण को रोकने में 87 प्रतिशत, गंभीर बीमारी के खिलाफ 95 प्रतिशत और मृत्यु के खिलाफ 98 प्रतिशत तक असरदार है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ अमेरिकाज जर्नल में प्रकाशित एक शोध के निष्कर्षों के अनुसार माडर्ना वैक्सीन काफी प्रभावी है। इस शोध में वैक्सीन की दो डोज के बीच पांच महीने के अंतराल पर उसकी प्रभाविकता की जांच की गई। माडर्ना द्वारा वित्त पोषित, अध्ययन में उम्र, लिंग, जाति और जातीयता के आधार पर टीके की दोनों डोज ले चुके 3,52,878 व्यक्तियों का 3,52,878 ऐसे लोगों से तुलना की गई जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है।

दक्षिणी कैलिफोर्निया में एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल संगठन, कैसर परमानेंट की एक सहायक अन्वेषक कातिया ब्रुक्सवूर्ट ने कहा कि यह शोध संक्त्रमण, अस्पताल में भर्ती होने कोरोना से मृत्यु को रोकने में



माडर्ना वैक्सीन की उच्च प्रभावशीलता का आश्वस्तकारी साक्ष्य देती है। इस अध्ययन के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक यह था कि इसमें सात लाख से अधिक वयस्क शामिल थे। ये विभिन्न नस्लों के थे। टीकाकृत लोगों को 18 दिसंबर, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक माडर्ना वैक्सीन की दो डोज मिली थीं। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी के सीईओ डाक्टर अल्बर्ट बोर्ला ने कहा कि फाइजर ओमिक्रोन वैरिएंट से निपटने के लिए एक अद्यतन वैक्सीन पर काम कर रहा है। उम्मीद है कि यह वैक्सीन 100 दिनों में तैयार हो सकती है। उन्होंने कहा कि संभावना है कि कोरोना से रोकथाम के लिए लोगों को हर साल कई वर्षो तक वैक्सीन लेते रहना पड़े। डाक्टर बोर्ला ने बीबीसी को बताया कि उनका विचार है कि दुनिया भर में 50 लाख से अधिक लोगों की जान लेने वाली घातक बीमारी के खिलाफ बहुत उच्च स्तर की सुरक्षा बनाए रखने के लिए वार्षिक टीकाकरण की आवश्यकता होगी। कोरोना के नए सुपर म्यूटेंट ओमिक्रोन संस्करण के टीके से बचने की चिंताओं के बीच, डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक डा.सौम्या स्वामीनाथन ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा टीकों से बीमारी और मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि इस बात की काफी संभावना है ओमिक्रोन अपने 30 से अधिक म्यूटेशन होने के कारण पिछले संक्रमण या टीकाकरण के कारण प्रतिरक्षा से बच जाए लेकिन पूर्ण टीकाकरण बीमारी और मृत्यु के खतरे को काफी कम कर सकता है।

## बैंकॉक : शिकारियों की दर्जनों गोलियां खाने के बाद भी बची तीन माह के हाथी की जान

**बैंकॉक।** हाथी के तीन माह के इस बच्चे की किस्मत अच्छी थी कि मां से बिछड़ने के बाद शिकारियों की दर्जनों गोलियां खाने के बाद भी उसकी जान बच गई। थाईलैंड के चोनबुरी स्थित नॉन्ग नूच उष्णकटिबंधीय उद्यान में पशु चिकित्सकों ने फहसाई नाम के हाथी की



गोलियां निकालकर मरहम पट्टी कर दी है।

कुछ और गोलियां निकालने के लिए उसके स्वस्थ होने का इतंजार किया जा रहा है। अभी उसे माता हथिनियों का दूध दिया जा रहा है। उद्यान के अधिकारी अब फहसाई के लिए ऐसी हथिनी की तलाश कर रहे हैं, जो उसकी धाय मां बन सके।

## भारत के आगे झुका ड्रैगन:चीन ने श्रीलंका में एनर्जी प्लांट प्रॉजेक्ट को किया निलंबित

**लास एंजलिस।** चीन ने श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की एक परियोजना को निलंबित कर दिया है। चीनी दूतावास ने इस बात की जानकारी दी। दूतावास ने ट्वीट कर कहा, 'साइनो सोर हाइब्रिड टेक्नोलॉजी ने तीसरे पक्ष की तरफ से सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताए जाने के कारण इस परियोजना पर रोक लगा दी है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका ने जनवरी में चीनी फर्म सिनो सोअर हाइब्रिड टेक्नोलॉजी को जाफना तट से दूर डेल्फ्ट, नागादीपा और अनलथिवु द्वीपों में एक हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। भारत ने इन द्वीपों पर चीन की मौजूदगी को लेकर चिंता व्यक्त की थी। वहीं, पिछले महीने श्रीलंका ने कोलंबो पोर्ट के पूर्वी कंटेनर टर्मिनल को विकसित करने का कॉन्ट्रैक्ट चीन



की कंपनी को दिया। मगर यह कॉन्ट्रैक्ट पहले भारत और जापान को दिया जाना था लेकिन श्रीलंका ने इस त्रिपक्षीय सौदे को रद्द कर दिया। यह अनुबंध सहायक विद्युत आपूर्ति विश्वसनीयता सुधार परियोजना का हिस्सा था। श्रीलंकाई सूत्रों ने बताया कि चीन ने जाफना के डेल्फ्ट, नैनाथिवु और अलनाथिवु द्वीपों में परियोजना के लिए बोली जीती थी। ये तीनों द्वीप भारत के निकट स्थित हैं। वहीं, चीनी दूतावास ने कहा कि चीनी कंपनी ने अब मालदीव के 12 द्वीपों में 12 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए मालदीव सरकार के साथ 29 नवंबर को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

### 'आपने घबराना नहीं है': ट्विटर पर पाकिस्तान के दूतावास ने जताया वेतन न मिलने का दुख, लिखा-

## सॉरी इमरान, कोई विकल्प नहीं था

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान के बुरे हाल हैं। आलम यह है कि पाकिस्तान की सरकार अपने सरकारी कर्मचारियों तक को भी वेतन नहीं दे पा रही है। अभी तक तो सरकारी कर्मचारी दबी जुबान ही यह बात कर रहे थे, लेकिन अब उनका दर्द दुनिया के सामने आ गया है। दरअसल, पाकिस्तान के सर्बिया दूतावास के आधिकारिक ट्विटर पेज से ट्वीट कर अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना दर्द साझा किया है।

**सर्बिया दूतावास की ओर से किए गए ट्वीट में लिखा है-**

'महंगाई ने अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, ऐसे में आप इमरान खान से कब तक उम्मीद कर सकते हैं कि हम सरकारी कर्मचारी चुप रहेंगे और पिछले तीन महीने से बिना वेतन भुगतान के भी काम करते रहेंगे। हमरे बच्चों की स्कूल फीस नहीं जमा हो पा रही है। फीस का भुगतान न होने के कारण उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया है।'

इस ट्वीट के साथ एक और ट्वीट किया गया है जिसमें इमरान खान को टैग करते हुए लिखा गया है कि हमें माफ करना, हमारे पास और कोई विकल्प नहीं बचा था। साथ ही इस ट्वीट में एक फोटो भी लगाया गया है, जिस पर लिखा है- 'आपने घबराना नहीं है।'

**इमरान ने माना, देश में घोर आर्थिक संकट**

पिछले दिनों पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान सार्वजनिक मंच पर स्वीकार कर चुके हैं कि



देश में घोर आर्थिक संकट चल रहा है। सरकार के पास कल्याणकारी योजनाएं चलाने के लिए पैसा नहीं बचा है न ही कर्मचारियों को देने के लिए वेतन शेष है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान स्वीकार किया था कि राजस्व वसूली में कमी आ गई है और विदेशी कर्ज बढ़ता ही जा रहा है।

# अफ्रीकी देशों ने ओमिक्रोन से निपटने के लिए उपाय बढ़ाए, कम टीकाकरण बढ़ा रहा चुनौती

**ब्रेजाविले।** अफ्रीकी देशों ने ओमिक्रोन की चुनौती से निपटने के लिए जांच बढ़ाने के साथ नियंत्रण के उपाय करने शुरू कर दिए हैं। इस बीच दक्षिणी अफ्रीका के देशों में कोरोना के साप्ताहिक मामलों में 54 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जारी एक बयान में दी।ओमिक्रान वैरिएंट के मामले चार अफ्रीकी देशों, बोत्सवाना, दक्षिण अफ्रीका, घाना और नाइजीरिया में पाए गए हैं। यह वैरिएंट अब तक करीब 30 देशों में पहुंच गया है। दुनिया भर में जानकारी में आए ओमिक्रोन के लगभग 62 प्रतिशत मामले अकेले बोत्सवाना और दक्षिण अफ्रीका में हैं। यह जानकारी कांगो की राजधानी ब्रेजाविले स्थित डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय कार्यालय ने दी।डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ओमिक्रोन वैरिएंट का कई और देशों में पता चलने की आशंका है। बोत्सवाना और दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रोन की जल्द पहचान होने से विश्व को हालात से निपटने का पर्याप्त समय मिल गया है। हमारे पास अवसरों की खिड़की है। हमें इस वैरिएंट से निपटने के लिए तेजी के साथ रोकथाम के उपाय करने चाहिए। डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक मतशीदिसो मोएती ने



अफ्रीकी देशों से कोरोना के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए उपाय तेज करने का आग्रह किया है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, ओमिक्रोन के स्पाइक प्रोटीन में म्युटेशन (32) की संख्या अधिक होती है। प्रारंभिक साक्ष्यों से पता चला है कि म्युटेशन अधिक होने के कारण चिंता वाले अन्य वैरिएंट की तुलना में लोगों के दोबारा संक्रमित होने की आशंका बढ़ जाती है। अफ्रीका में टीकाकरण की स्थिति ठीक नहीं है। यहां अभी तक 7.5 प्रतिशत आबादी को ही पूरी तरह से टीका लगाया जाता है। 80 प्रतिशत से अधिक आबादी को अभी भी पहली डोज नहीं मिल पाई है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि अभी तक केवल पांच अफ्रीकी देश डब्ल्यूएचओ के वैश्विक लक्ष्य तक पहुंच पाए हैं।

## भारत के साथ घनिष्ठ संबंध जारी रखेगा जर्मनी का नया गठबंधन, चीन से शांति बनाए रखने की जताई उम्मीद

**बर्लिन।** जर्मनी में नए गठबंधन ने भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों की रूपरेखा तैयार की है और चीन से शांति, स्थिरता के लिए जिम्मेदार भूमिका निभाने की उम्मीद जताई है। ओलाफ स्कोल्ज के नेतृत्व में नव निर्वाचित त्रिपक्षीय गठबंधन, जो सोशल डेमोक्रेट्स, ग्रीन्स और लिबरल के बीच गठित हुआ है, ने कहा है कि जर्मनी का भारत के साथ गहरा संबंध बना रहेगा। इस दस्तावेज में भारत और भारत-जर्मन रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के महत्व का एक मजबूत संदर्भ है। गठबंधन संधि में भारत का प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया है, जो दोनों देशों के बीच साझेदारी के लगातार बढ़ते महत्व का संकेत देता है। हालांकि, गठबंधन ने दूसरी तरफ चीन से निपटने के लिए कड़ा रुख अख्तियार किया है। इसके



मुताबिक गठबंधन को चीन के साथ अपने संबंधों को साझेदारी, प्रतिस्पर्धा और प्रणालीगत प्रतिद्वंद्विता के आयाम में आकार देना होगा। मानवाधिकारों और लागू अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर हम जहां भी संभव हो चीन के साथ सहयोग चाहते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि हम चीन के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा में निष्पक्ष नियम चाहते हैं। गठबंधन दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीनी विदेश नीति से हमारी अपेक्षा यह है कि यह अपने पड़ोस में शांति और स्थिरता के लिए एक जिम्मेदार भूमिका निभाएगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में क्षेत्रीय विवादों को किस आधार पर सुलझाया जाए। दस्तावेज में ताइवान, शिंजियांग और हांगकांग के मुद्दों का भी जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक, ताइवान की जलडमरूमध्य में यथास्थिति में बदलाव केवल शांतिपूर्वक और आपसी सहमति से हो सकता है। यूरोपीय संघ की एक-चीन नीति के हिस्से के रूप में हम अंतरराष्ट्रीय संगठनों में लोकतांत्रिक ताइवान की प्रासंगिक भागीदारी का समर्थन करते हैं। हम स्पष्ट रूप से चीन के मानवाधिकारों के उल्लंघन विशेष रूप से शिंजियांग में, पर चिंता व्यक्त करते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि हांगकांग में 'एक देश-दो प्रणाली' के सिद्धांत को फिर से लागू किया जाना चाहिए।

## पाक ने अफगानिस्तान को गेहूं भेजने के भारत के प्रस्ताव को ठुकराया, बनाया बहाना

**इस्लामाबाद।** भारत को लेकर पाकिस्तान अपनी हरकतों से कभी बाज नहीं आता अब इसने भारत के एक और प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। दरअसल पाकिस्तान के वाघा सीमा के जरिये भारतीय या अफगान ट्रकों द्वारा 50,000 टन गेहूं अफगानिस्तान भेजने को लेकर भारत की ओर से प्रस्ताव दिया गया था जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है।

**पाकिस्तान ने किया भारत का प्रस्ताव खारिज**

पाकिस्तान ने भारत के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। मीडिया में आई एक खबर में इसकी जानकारी दी गई है। पाकिस्तान ने भारत को मानवीय उद्देश्यों के लिए अपवाद स्वरूप अपने क्षेत्र से पड़ोसी अफगानिस्तान में गेहूं और जीवनरक्षक दवाएं पहुंचाने की इजाजत देने के अपने फैसले के



बारे में पिछले हफ्ते आधिकारिक रूप से बताया था। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने यहां आरोप लगाया कि नई दिल्ली अफगानिस्तान में गेहूं पहुंचाने के लिए अव्यावहारिक विकल्पों का सुझाव दे रही है। भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान को मदद पहुंचाने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत चल रही है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि मानवीय सहायता पहुंचाने पर किसी प्रकार की शर्त नहीं होनी चाहिए।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मानवीय सहयोग के लिए किसी प्रकार की शर्त नहीं होनी चाहिए। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान जोर दे रहा है कि अफगानिस्तान भेजे जाने वाले गेहूं और दवाओं की खेप वाघा सीमा से पाकिस्तानी ट्रकों में रवाना की जाए, जबकि भारत अपने ट्रक का इस्तेमाल करना चाह रहा है।

अखबार ने पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि पाकिस्तानी तौर-तरीकों को शर्तो के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये अफगानिस्तान के लिए भारत की मानवीय सहायता को सुविधाजनक बनाने के लिए हैं।

-योगी सरकार की प्रस्ताव और 300 करोड़ के बजट को मंजूरी

# यूपी के थानों में अब लगेंगे 12 से 16 सीसीटीवी कैमरे

**लखनऊ।**

पिछले दिनों पुलिस कस्टडी में मौत की घटनाओं से विपक्ष के निशाने पर रही योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को लागू करवाने जा रही जिसमें कहा गया था कि देश के हर थानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। योगी सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन प्रदेश के हर पुलिस थाने में 12 से 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके लिए सरकार ने 300 करोड़ रुपए के बजट को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा जिन प्रस्तावों को कैबिनेटसे मंजूरी मिली है उसमें प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते एटीएस को देवबंद सहारनपुर में अपने यूनिट और कमांडों ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने के लिए निशुल्क भूमि देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर होगी। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश स्टेट स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी संशोधन बिल 2021 को मंजूरी दे दी। राज्य सरकार ने सहकारी चीनी मिलों को पेराई सत्र 2020 21 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के लिए कर्ज की व्यवस्था करने की शासकीय गारंटी दे दी है। गुरुवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी चीनी मिल गन्ना मूल्य के बकाए के भुगतान के लिए कर्ज ले सकेंगे। इसके अलावा प्रदेश की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अब वर्ल्ड बैंक मदद करेगा। बुनियादी शिक्षा का आधारभूत ढांचा विकसित करने और तकनीकी रूप से समृद्ध करने के लिए विश्व बैंक से आर्थिक मदद प्राप्त होगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।



# बंगाल के भाजपा सांसदों ने पीएम से मिल सीएए कानून को जल्द लागू करने की बात कही

**नई दिल्ली ।**




बंगाल के भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सीएए कानून के नियमों को बनाकर जल्द से जल्द कानून को लागू करने की मांग की। इसके साथ ही भाजपा सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को बंगाल में चुनाव बाद लगातार जारी हिंसा के बारे में बताकर ममता सरकार पर केंद्रीय योजनाओं में गड़बड़ी करने का भी आरोप लगाया।प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद बंगाल भाजपा अध्यक्ष एवं लोक सभा सांसद सुकांता मजूमदार ने कहा कि राज्य के लगभग सभी भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुनाव बाद लगातार जारी हिंसक घटनाओं के बारे में बताया और साथ ही उनसे अनुरोध किया कि कोर्ट के आदेश पर जो सीबीआई जांच हो रही है उसे सही तरीके से तेजी से चलाया जाए। मजूमदार ने बताया कि भाजपा सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में और तमाम भर्तियों में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में भी जानकारी दी।उन्होंने ममता सरकार पर आरोप लगाकर कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली से लोगों की मदद और कल्याण के लिए पैसा भेज रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार पैसों को टीएमसी कार्यकर्ताओं में बांट रही है। उन्होंने बताया कि सांसदों ने प्रधानमंत्री से बंगाल का दौरा करने का भी आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए जल्द ही राज्य का दौरा करने का आश्वाशन भी दिया। ममता बनर्जी और उद्योगपति गौतम अडानी की मुलाकात पर कटाक्ष करते हुए पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांता मजूमदार ने कहा कि भाजपा सरकार को अंबानी-अडानी की सरकार बताकर निशाना साधने वाले तृणमूल कांग्रेस के सभी नेता और सांसद अब कहां मुंह छुपाएंगे।

## मायावती का भाजपा, सपा और कांग्रेस पर हमला, सत्ता में आने पर ये दल अपने वादे भूल जाते हैं

**लखनऊ।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर काफी सक्रिय हैं। इसकारण ट्वीटर के माध्यम से समय-समय पर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल सपा, कांग्रेस पर निशाना साधती रहती हैं। उन्होंने कहा कि यह दल जो वादा करते हैं सत्ता आने पर भूल जाते हैं।इसके बाद इन दलों से सर्तक रहने की जरूरत है। मायावती ने दो ट्वीट में भाजपा, सपा तथा कांग्रेस पर निशाना साधा है। मायावती ने कहा, यूपी में खासकर भाजपा, सपा, कांग्रेस आदि के द्वारा प्रदेश की जनता को लुभाने व गुमराह करने के लिए आए दिन प्रलोभन भरे जो चुनावी वादों की झड़ी लगाई है,इन्हें सत्ता में आने के बाद भुला दिया जाता है। अभी तक का इनका यही इतिहास रहा है। जनता इनके वादों से सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा व सपा जो वादे कर रहे हैं वे काम उन्होंने यहां अपनी सरकार के रहते हुए क्यों नहीं किए? कांग्रेस पार्टी भी महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट व स्कूटी आदि देने के जो वादे कर रही है वे काम इन्होंने उन राज्यों में क्यों नहीं किए जहां इनकी सरकारें हैं? यह भी सोचने की बात है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिया गया बयान कि अयोध्या व काशी में मन्दिर निर्माण जारी है अब मथुरा की तैयारी है, यह भाजपा के हार की आम धारणा को पुख्ता करता है।

## सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए उद्योग जगत से की जा रही बातचीत : वैष्णव

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि सेमीकंडक्टर के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत से बातचीत की जा रही है और उम्मीद है कि इससे अच्छे परिणाम निकलेंगे। उन्होंने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा सेमीकंडक्टर उद्योग बहुत जटिल उद्योग है और इसमें काफी पूंजी की भी जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर का उत्पादन बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किए जाने की जरूरत है और सरकार उद्योग से जुड़े विभिन्न पक्षों से बातचीत कर रही है। इसके साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बातचीत के अच्छे नतीजे निकलेंगे। प्रश्नकाल के दौरान ही भाजपा के सदस्य केजे अल्फोंस ने आरोप लगाया कि सेमीकंडक्टर से जुड़ी समस्या से निपटने में सरकारी ढांचा नाकाम रहा है। इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन को 100 करोड़ रुपए से बढ़ाने और निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी साथ में लाने की मांग की। वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 साल में देश में इलेक्ट्रोनिक विनिर्माण उद्योग में खासी प्रगति हुई है और अब इसका आकार 75 अरब डॉलर का हो गया है।

# टॉप संस्था की सिफारिश, 40 से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज दिया जाए

**नई दिल्ली ।**

कोरोना के नए वेरिएंट ऑमिक्रोन के खतरे के बीच भारत के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने सिफारिश की है कि देश में 40 साल से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज दिया जाए। टॉप भारतीय जीनोम वैज्ञानिकों ने 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्राथमिकता के साथ कोरोना की बूस्टर खुराक की सिफारिश की है। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग कंसोर्टियम के साप्ताहिक बुलेटिन में इसकी सिफारिश की गई है। दरअसल, जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग कंसोर्टियम कोरोना के जीनोम वेरिएशंस की निगरानी के लिए सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय परीक्षण प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क है। टॉप वैज्ञानिकों वाली संस्था की बुलेटिन में कहा गया है कि जिन लोगों को वैक्सीन नहीं लगी है,उन्हें खतरा ज्यादा है और पहले उनका टीकाकरण किया जाए और 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए बूस्टर खुराक देने पर विचार करें। इनमें हाई रिस्क और ज्यादा खतरे में रह रहे लोगों को प्राथमिकता दी जा सकती है। बता दें कि देश में महामारी की स्थिति पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सांसदों द्वारा कोविड टीकों की बूस्टर खुराक की मांग के बीच यह सिफारिश आई है। जीनोमिक्स सीक्वेंसिंग कंसोर्टियम ने कहा कि आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को सक्षम करने के लिए इस प्रकार की उपस्थिति का शीघ्र पता लगाने के लिए जीनोमिक निगरानी महत्वपूर्ण होगी।

वैज्ञानिकों की संस्था ने यात्राओं पर निगरानी की सलाह देकर कहा है कि ओमिक्रॉन से प्रभावित इलाकों (अफ्रीकी देशों) पर नजर रखे और कोरोना के मामलों की कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग भी होनी चाहिए, ताकि प्रभावित इलाकों में इसके संक्रमण का पता लगाया जा सके और टेस्टिंग की संख्या बढ़ाकर बचाव के उपायों को लागू किया जा सके।

# वसुंधरा और सतीश पूनिया में चल रहे मनमुटाव के बीच 5 दिसंबर को जयपुर पहुंच रहे अमित शाह

**जयपुर ।**



केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह 5 दिसंबर को जयपुर पहुंच रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर राज्य के पार्टी नेतृत्व से बातचीत करने वाले है। माना जा रहा है कि शाह के कार्यक्रम में पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से लेकर सांसद विधायक स्तर के नेता शामिल होने वाले है। इस लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। भले ही शाह के आगमन को लेकर भाजपा काफी उत्साहित दिखाई दे रही हो, लेकिन अंदरखाने में यह चल रहा है कि राज्य इकाई में नेताओं के बीच बढ़ती कड़वाहट के मद्देनजर शाह का यह दौरा बेहद अहम साबित हो सकता है। शाह का यह दौरा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और राज्य इकाई के कई नेताओं में बड़े मतभेद के बाद अपने आप में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भले ही पार्टी शाह के स्वागत की तैयारियों में जुटी हुई है। लेकिन आलाकमान राज्य में चल रहे टकराव और गुटबाजी से चिंतित दिखाई दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि जिस तरीके से पार्टी में इस वक्त मतभेद चल रहे हैं, उससे भाजपा को राज्य में बड़ा नुकसान हो सकता है। हालिया उपचुनाव में भी मतभेद के कारण भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा। राज्य में एक ओर जहां वसुंधरा राजे समर्थकों ने 'पूनिया भगाओ भाजपा बचाओ' का नारा दिया था, वहीं पुनिया समर्थकों ने 'हमारा सीएम कैसा हो सतीश पूनिया जैसा हो' नारा दिया था।इसके बाद वसुंधरा और सतीश पूनिया में चल रहे मनमुटाव और टकराव की खबरें आम हो गई है। माना जा रहा है कि अपने दौरे के दौरान शाह रोड शो भी करने वाले, जिस लेकर भाजपा अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गई है।हवाई अड्डे से लेकर जीएसीसी तक 18 जगह पर शाह स्वागत होगा। इस दौरान शाह को राजस्थान के विभिन्न नृत्य और कला दिखाया जाएगा। पूरे रास्ते यानी कि 9 किलोमीटर से ज्यादा के इस रूट पर शाह पर फूलों की बरसात की जाएगी। शाह के स्वागत में 40 हजार से ज्यादा लोगों के जुटने की उम्मीद है। इसके लिए भाजपा की ओर से स्वागत पॉइंट और रूट पॉइंट दोनों तैयार कर लिया गया है। शाह के स्वागत की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शामिल हुए।

# हमारे पास से लिस्ट लेकर मारे गए किसानों को मुआवजा दें मोदी सरकार : राहुल गांधी

**नई दिल्ली ।**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसानों के मुद्दों पर मोदी सरकार की घेराबंदी की। राहुल गांधी ने कहा कि संसद में प्रश्न पूछा गया था कि क्या सरकार किसानों के आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव रखती है।इसपर सरकार का जवाब आता है कि इस मामले में कोई रिकॉर्ड नहीं है,इसकारण मुआवजे का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि सरकार हमारा रिकॉर्ड लेकर किसानों को मुआवजा दे। इसी बीच राहुल ने कहा कि पंजाब सरकार के पास 403 किसानों के नाम है। उन्हें पंजाव सरकार ने 5 लाख रुपए मुआवजा दिया है। इसके अलावा 152 लोगों को नौकरी दी है और बाकी लोगों को भी नौकरी दी जाएगी। बता दें कि किसान आंदोलन में मारे गए 700 किसानों में से 500 लोगों को मुआवजा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को हमारे द्वारा 500 नामों की लिस्ट पकड़ा दी है और बाकी बचे हुए लोगों को लिस्ट पब्लिक रिकॉर्ड से हमारे पास है। उस सत्यापित करके सरकार 700 लोगों को मुआवजा दे दे। राहुल गांधी ने कहा कि कोरोना के दौरान कितने लोग मारे गए सरकार के पास इसका रिकॉर्ड नहीं है। कितने किसानों की मृत्यु हुई ? सरकार के पास इसका भी कोई रिकॉर्ड नहीं है। यहां पर लाखों-करोड़ों की बात नहीं हो रही है।

सिर्फ थोड़ा सा मुआवजा इन लोगों को नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास रिकॉर्ड है और अगर वो चाहते हैं तो हमारी लिस्ट ले लें और इनको मुआवजा दें।


# दिल्ली, यूपी समेत इन राज्यों में बढ़ने वाली है सर्दी हिमाचल और कश्मीर के पहाड़ों पर गिरने लगी बर्फ

**नई दिल्ली।**

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में आने वाले कुछ दिनों में सर्दी बढ़ सकती है। हिमाचल में बर्फबारी के साथ ही ठंड अब बढ़ने की ओर है। गुरुवार से ही हिमाचल प्रदेश के मनाली, कांगड़ा, चंबा और किन्नौर की वादियों में बर्फबारी का दौर जारी है और इसके चलते तापमान लुढ़क गया है। यही नहीं मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर में भी शुक्रवार से बर्फबारी होने की संभावना है, जो करीब तीन दिनों तक जारी रहेगी। ऐसे में दिल्ली, पंजाब, यूपी, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में सर्दी बढ़ सकती है। इससे तापमान में बड़ी गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सर्दी काफी अधिक हो सकती है। पाहड़ों पर बर्फ पड़ने से मैदानी इलाकों में शीतलहर चलती दिखेगी। फिलहाल दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री के बीच है। इसमें सोमवार यानी 6 दिसंबर से गिरावट देखने को मिलेगी और यह 10 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क सकता है। यही नहीं मंगलवार को इसके 8 डिग्री सेल्सियस और फिर सप्ताह के अंत तक 6 डिग्री तक गिरने की संभावना है। गुरुवार से हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रा, कुंजुम दर्रा, लेडी ऑफ केलांग, बारालाचा, सप्तर्षि पहाड़ियों और गोशाल पहाड़ियों और किन्नौर जिले में किन्नौर-कैलाश पर्वतमाला, चंबा के मणिमहेश और पांगी, भरमौर तथा कांगड़ा जिले के धौलधार सहित ऊंची पर्वतों पर बर्फबारी का दौर जारी है। लाहौल-स्पीति के काजा में आज दूसरे दिन दस सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लाहौल-स्पीति में कोकसर में 8.09 सेमी, गोंडला में 5.2 सेमी, हंसा में पांच सेमी, कन्निौर में सुमडो में 3.7 मिमी और जिला मुख्यालय केलांग में तीन सेमी बर्फबारी हुई।

इसके साथ ही केलांग में बीती रात न्यूनतम तापमान शून्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया, लेकिन पिछले 24 घंटों में सिरमौर में पांवटा-साहिब का अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री रहा। बारिश और बर्फबारी के चलते मौसम खुशनुमा हो गया और लंबे समय से चले आ रहे शुष्क मौसम से राहत मिली है। पर्यटन स्थल मनाली में आठ मिमी, कुल्लू में बंजार में 7.2 मिमी, किन्नौर में सांगला में 6.8 मिमी, कल्पा में 5.8 मिमी, बिलासपुर में तीन मिमी, सुंदरनगर और मंडी में दो मिमी, शिमला और जुब्बड हाटी में एक मिमी बारिश हुई। मैदानों में बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी दौर अभी भी जारी है। प्रदेश में ज्यादातर आसमान पर काले बादल मंडरा रहे हैं और कोहरे के कारण राज्य में ज्यादातर जगहों पर दृश्यता कम है।

## संक्षिप्त समाचार




### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का दुरूपयोग रोकने केंद्र राज्यों के संपर्क में

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का दुरूपयोग नहीं हो, इसके लिए केंद्र विभिन्न राज्यों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अभी तक देश भर में 11.5 करोड़ किसानों के खातों में 1.60 लाख करोड़ रुपये जमा कराए गए हैं। तोमर उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसकी निगरानी करती है कि योजना का दुरूपयोग नहीं हो और इसके लिए वह लगातार राज्यों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई उपाय किए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि निधि का दुरूपयोग नहीं हो। उन्होंने कहा कि यह योजना शुरू करते समय अनुमान था कि किसानों की कुल संख्या करीब 15.5 करोड़ है और अद्यतन सूची के अनुसार किसानों की संख्या 12.5 करोड़ है जिनमें से करीब 11.5 करोड़ किसानों का पंजीकरण हो गया है।उन्होंने कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है।तोमर ने कहा कि शेष किसानों को भी योजना से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम बंगाल योजना में शामिल नहीं था लेकिन अब वह भी इससे जुड़ गया है।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने माना, ऑक्सीजन की कमी से पंजाब में चार मौते हुई

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान देश भर के अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी दर्ज होने पर बड़ी संख्या में मौतों की भी खबरें आई थीं। हालांकि लोकसभा में इससे जुड़े सवाल का जवाब देकर हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि सिर्फ पंजाब में ही ऑक्सीजन की कमी से 4 मौतें दर्ज की गई हैं। मांडविया ने कहा, हमने सभी राज्यों को डेटा मांगने के लिए लिखा था। इसका 19 राज्यों की ओर से जवाब मिला था। इनमें से सिर्फ पंजाब ने ऑक्सजीन की कमी से मौतों की बात कही थी।% हेल्थ मिनिस्टर के बयान को लेकर आने वाले दिनों में विपक्ष हमलावर हो सकता है। इस बीच शुक्रवार को भी राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा जारी रहा। लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों को लोकसभा स्पीकर ने फटकार भी लगाई। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस पर नाराज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इतने अहम मुद्दे पर चर्चा के दौरान भी आप लोग हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग संसद के सम्मानित सदस्य हैं और आपको गंभीरता के साथ बर्ताव करना चाहिए।

### 2011 के बाद गरीबी की रेखा से नीचे आए लोगों को मिले आयुष्मान भारत योजना का लाभ

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को मोदी सरकार द्वारा वित्त पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बताकर राज्यसभा में भाजपा के एक सदस्य ने मांग की कि इसमें उन लोगों को भी शामिल करे, जो 2011 के बाद गरीबी की रेखा से नीचे आए हैं। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान मुद्दा उठाकर भाजपा के सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि गरीबों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान करने वाली योजना का लाभ अब तक तीन करोड़ से अधिक लोगों को मिल चुका हैं। उन्होंने कहा कि योजना के दायरे में उन लोगों को भी शामिल किया जाना चाहिए, जो 2011 के बाद गरीबी की रेखा से नीचे आए हैं।इसतरह के लोगों को भी योजना के तहत मदद की जरूरत है। इस्लाम ने कहा ''2011 के बाद गरीबी की रेखा से नीचे आए लोगों का पता लगाने के लिए जिलाधीश को आदेश दिया जाना चाहिए, कि वहां लोगों की पहचान कर उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे में लाना चाहिए जो दुनिया की सबसे बड़ी और सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य योजना है। ''

### गडकरी ने बताया, 1 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब का खर्च इलेक्ट्रिक व्हीकल का



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने के फायदे बताकर कहा कि पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक व्हीकल चलाना कितना सस्ता पड़ता है।देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रमोट करने की बात पर नितिन गडकरी ने कहा कि अभी हम देश में 8 लाख करोड़ रुपये का पेट्रोलियम आयात करते हैं। आने वाले सालों में ये बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपये भी हो सकता हैं ।इसकारण हमें विकल्प पर ध्यान देना ही है ताकि देश के लोगों को एक सतत जीवन दिया जा सके। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल आने पर सरकार पेट्रोल-डीजल गाड़ियां बंद नहीं करेगी। बल्कि इसका भी विकल्प रहेगा।इसके अलावा वैकल्पिक ईंधन, बायो फ्यूल और फ्लैक्स फ्यूल इंजन जैसे विचारों पर भी अध्ययन चल रहा है।गडकरी ने कहा कि अभी आप पेट्रोल की गाड़ी चलाते हैं,तब 1 किमी जाने का खर्च 10 रुपये आता है।डीजल पर यही खर्च 7 रुपये होता है।इसके बाद इलेक्ट्रिक व्हीकल का खर्च महज 1 रुपये प्रति किमी ही है। पेट्रोल की गाड़ी पर अगर खर्च आपका महीने का खर्च 20,000 रुपये है।इलेक्ट्रिक गाड़ी पर ये खर्च 1500 से 2000 रुपये होगा।इससे आपकी महीने की 18000 रुपये की बचत होगी।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# पहला कॉलम

## सरकार ने लोकसभा में बताया, भारत में कोरोना के 3.46 करोड़ मामले आए, 4.6 लाख लोगों की जान गई

नई दिल्ली।

भारत में अब तक कोरोना के 3.46 करोड़ मामले सामने आए हैं, जबकि महामारी की वजह से 4.6 लाख लोगों को अपनी जान दी है, जो कि कुल मामलों का 1.36 प्रतिशत है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को लोकसभा में इसकी जानकारी दी।उन्होंने सदन को बताया कि भारत में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर 25,000 कोविड मामले और 340 मौतें दर्ज की गईं हैं।केंद्रीय मंत्री ने कोरोना से लड़ने के लिए केंद्र सरकार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार के तहत, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए काम चल रहा है। स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे की अनदेखी करने वाली पिछली सरकारों को दोष दिए बिना, सरकार ने परिणामों के लिए काम किया। पिछले 2 वर्षों में, पीएम मोदी के नेतृत्व में निर्णय दिखाता है कि यह सरकार इच्छाशक्ति के साथ काम करती है, शक्ति से नहीं।

## संसद में बच्चों से मिले पीएम नरेन्द्र मोदी, चॉकलेट देकर की बच्चों से की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद में छोटे बच्चों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पीएम ने सभी बच्चों के साथ खुलकर बातकर चॉकलेट भी दिया। बच्चों ने जय श्री राम कहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया और एक छोटी लड़की ने उन्हें भक्ति गीत भी सुनाया। दरअसल, ये सभी लड़कियां केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आश्रम में रहती हैं और लंबे समय से बार-बार प्रधानमंत्री से मिलवाने का आग्रह कर रही थी। बच्चों के प्रति हमेशा से विशेष स्नेह रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी को जैसे ही इनकी इच्छा के बारे में पता लगा, उन्होंने तुरंत इन बच्चों को मिलने के लिए बुला लिया। बता दें कि केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि छोटे बच्चों में भी प्रधानमंत्री मोदी को लेकर क्रेज है। उन्होंने कहा, ये सभी मेरे आश्रम के बच्चे हैं, जो लंबे समय से प्रधानमंत्री जी से मिलने की इच्छा जता रहे थे। मैंने जैसे ही इनके बारे में उन्हें बताया, उन्होंने तुरंत इन बच्चों से मिलने की इच्छा जाहिर कर दी। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने के बाद प्रसन्न नजर आ रहे इन बच्चों ने कहा कि उन्होंने पीएम से मिलकर जय श्री राम कहा और पीएम ने उन सबके साथ बहुत अच्छी तरह से बातकर उन्हें चॉकलेट भी दिया। दिव्यांशी नाम की एक छोटी सी लड़की ने प्रधानमंत्री मोदी को भक्ति संगीत भी गाकर सुनाया।


## केंद्र सरकार ने 3.73 लाख करोड़ सकल अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 की पूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के तहत 3.73 लाख करोड़ रूपए के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने के लिए शुक्रवार को संसद की मंजूरी मांगी। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वर्ष 2021-22 की अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच से संबंधित दस्तावेज पेश किया। इसमें 69 अनुदान और दो विनियोग हैं। दस्तावेज के अनुसार, वर्ष 2021-22 की पूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के तहत 3,73,761 करोड़ रूपये के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने के लिए संसद की मंजूरी मांगी गई है। इसमें से निवल नकद व्यय के प्रस्तावों से संबंधित कुल व्यय 2,99,243 करोड़ रूपये है और सकल अतिरिक्त व्यय 74,517 करोड़ रूपए है जिसे मंत्रालयों-विभागों की बचत और बढ़ती हुई प्राप्तियों-वसूलियों से समतुल्य किया जायेगा। इस राशि में उर्वरक सब्सिडी के लिए 58,430 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च, वाणिज्य विभग की अतिरिक्त योजना के लिये 2,000 करोड़ रूपये का खर्च तथा व्यय विभाग द्वारा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के तहत 53,000 करोड़ रूपये से अधिक खर्च शामिल है।

## न्यूयॉर्क एक्सचेंज से डी-लिस्ट होगी चीन की दिग्गज कंपनी 'दीदी', हांगकांग में लिस्लिंग की तैयारी

**नई दिल्ली।** चीन की दिग्गज राइड हेलिंग कंपनी दीदी ग्लोबल ने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) से अपने शेयर टेक ऑफ करने की घोषणा की है। कंपनी ने यह भी कहा है कि वह अपनी लिस्टिंग को हांगकांग में ट्रान्सफर करेगी। दीदी जुलाई में अमेरिका में लिस्ट हुई थी और तब से कंपनी पर भारी नियामकीय दबाव है। दीदी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के कुछ दिनों के भीतर ही चीन ने विदेशों में सूचीबद्ध होने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कार्रवाई करने की घोषणा की। इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी बाजार वॉचडॉग ने अमेरिका में सूचीबद्ध चीनी फर्मों के लिए सख्त नए नियमों का खुलासा किया। जून के अंत में, दीदी ने अपने न्यूयॉर्क आईपीओ से 4.4 अरब डॉलर जुटाए थे। दीदी ने चीन में ट्विटर जैसे माइक्रोब्लॉगिंग नेटवर्क वीबो पर अपने हैंडल से कहा सावधानीपूर्वक रिसर्च करने के बाद, कंपनी तुरंत न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में डीलिस्ट करना शुरू कर देगी और हांगकांग में लिस्टिंग की तैयारी शुरू कर देगी। दीदी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने इस कदम को मंजूरी दे दी है। कंपनी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, भविष्य में उचित समय पर उपरोक्त मामले पर मतदान करने के लिए शेयरधारकों की बैठक आयोजित करेगी। जापान का सॉफ्टबैंक 20 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ दीदी का सबसे बड़ा एकल निवेशक है। यह चीनी प्रौद्योगिकी दिग्गज अलीबाबा और टेनसेंट द्वारा भी समर्थित है। 2016 से दीदी में उबर की भी हिस्सेदारी है। दीदी ने 2016 में उबर चीन का अधिग्रहण किया था। दीदी ग्लोबल के शेयरों ने अमेरिकी बाजार में शुरुआत के बाद से अपने मूल्य का 40 प्रतिशत से अधिक खो दिया है।

# वित्तीय सशक्तिकरण के लिए वित्त प्रौद्योगिकी पहल को वित्त प्रौद्योगिकी क्रांति में बदलना जरूरीः मोदी



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश के हर नागरिक के लिए वित्तीय सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की खातिर वित्त प्रौद्योगिकी पहल को वित्त प्रौद्योगिकी क्रांति में बदलने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने %इन्फिनिटी मंच% का उद्घाटन करते हुए कहा कि वित्त प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का स्तर व्यापक हो गया है और इसने जनता के बीच स्वीकार्यता पाई है। उन्होंने कहा कि अब, इन वित्त प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पहल को वित्त प्रौद्योगिकी क्रांति में बदलने का समय आ गया है। वह क्रांति जो देश के हर एक नागरिक के वित्तीय सशक्तिकरण में मदद करेगी। पीएम मोदी ने कहा प्रौद्योगिकी वित्त में एक बड़ा बदलाव ला रही है, और पिछले साल मोबाइल से किया जाने वाला भुगतान, एटीएम कार्ड से की जाने वाली पैसों की निकासी से अधिक था। उन्होंने एक और उदाहरण देते हुए कहा कि प्रत्यक्ष शाखा कार्यालयों के बिना काम करने वाले डिजिटल बैंक पहले से ही एक वास्तविकता हैं तथा एक दशक से भी कम समय में ये आम हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा जैसे-जैसे इंसान ने प्रगति की, वैसे-वैसे हमारे लेनदेन का रूप भी बदला। वस्तु विनिमय प्रणाली से धातु तक, सिक्कों से नोटों तक, चेक से लेकर कार्ड तक, आज हम यहां पहुंच गए हैं। यह देखते हुए कि भारत ने दुनिया के सामने यह साबित कर दिया है कि प्रौद्योगिकी अपनाने के मामले में वह किसी से पीछे नहीं है, उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत परिवर्तनकारी पहल ने शासन में लागू होने वाले नवोन्मेषी वित्त प्रौद्योगिकी समाधानों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। पीएम मोदी ने प्रौद्योगिकी के नेतृत्व में भारत के वित्तीय समावेशन अभियान की जानकारी देते हुए कहा 2014 में 50 प्रतिशत से कम भारतीयों के पास बैंक खाते थे, भारत ने पिछले सात वर्षों में 43 करोड़ जन धन खातों के साथ इसे लगभग सार्वभौमिक बना दिया है। उन्होंने 69 करोड़ रुपे कार्ड जैसी पहल का भी उल्लेख किया जिसमें पिछले साल 1.3 अरब लेनदेन हुए थे। मोदी ने इसके अलावा यूपीआई की भी बात की और कहा कि यूपीआई के जरिए पिछले महीने लगभग 4.2 अरब लेनदेन हुए। उन्होंने यह भी बताया कि जीएसटी (माल एवं सेवा कर) पोर्टल पर हर महीने 30 करोड़ बिल अपलोड किए जा रहे हैं। उन्होंने वित्तीय समावेशन को वित्तीय प्रौद्योगिकी क्रांति का चालक बताते हुए कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी चार स्तंभों- आय, निवेश, बीमा और संस्थागत ऋण पर टिकी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा जब आय बढ़ती है, तो निवेश संभव हो जाता है।

बीमा कवरेज अधिक जोखिम लेने की क्षमता और निवेश को सक्षम बनाता है। संस्थागत ऋण विस्तार का मौका देता है। और हमने इनमें से हर स्तंभ पर काम किया है।

# भारत समेत दुनिया के 29 देशों में पहुंचा कोरोना का ओमीक्रोन

## कर्नाटक में ओमीक्रोन केस मिलने के बाद ऐक्शन में देश की राज्य सरकरें

- कर्नाटक में 7 दिन का क्वारंटीन फिर की जाएगी जीनोम सिक्वेंसिंग
- सतर्कतावश महाराष्ट्र में अब तीन बार होगा आरटी-पीसीआर टेस्ट
- तमिलनाडु में ओमीक्रोन रोगियों के लिए अलग से 150 बेड तैयार
- यूपी के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और भीड़-भाड़ वाले इलाकों टेस्ट पर जोर
- तेलंगाना में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहने का नियम सख्ती से लागू

नई दिल्ली।

भारत समेत दुनिया भर के 29 देशों में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट ओमीक्रोन पहुंच चुका है। दुनियाभर में इस संक्रमण के करीब 400 मामले आ चुके हैं। पिछले एक हफ्ते में दुनिया में 70 फीसदी मामले यूरोप से आए हैं। भारत में भी कोरोना के दो मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्र सरकार ने ओमीक्रोन संक्रमण को देखते हुए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए गाइडलाइन्स जारी की है। गृह मंत्रालय ने कोरोना से जुड़ी गाइलाइन्स की समय सीमा को बढ़ाकर अब 31 दिसंबर तक कर दिया है। कर्नाटक में जोखिम वाले देशों से आने या जाने वाले यात्रियों को एयरलाइनों द्वारा सूचित किया जाएगा कि वे आगमन के बाद टेस्ट कराएंगे।

यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उन्हें अलग कर दिया जाएगा। जोखिम वाले देशों के सभी यात्रियों को सात दिनों के लिए होम क्वारंटाइन से गुजरना होगा। इसके बाद आठवें दिन फिर से टेस्ट किया जाएगा। यदि परिणाम पॉजिटिव आते हैं, तो नमूने जीनोमिक सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जाएंगे।

ऐसे पॉजिटिव मामलों के संपर्कों को संस्थागत क्वारंटाइन या कड़ाई से निगरानी वाले होम क्वारंटाइन के तहत रखा जाएगा। पांच साल से कम उम्र के बच्चों को आगमन से पहले और बाद के टेस्ट दोनों से छूट दी गई है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को देखते हुए हाई रिस्क देशों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य है। इसके अलावा प्रभावित देशों से आने वालों लोगों के लिए 7 दिन का इंस्टीट्यूशन क्वारंटीन अनिवार्य है। विदेश से आने के दूसरे, चौथे और सातवें दिन आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य है। आखिरी टेस्ट नेगेटिव आने पर यात्री को 7 दिन होम क्वारंटीन रहना होगा।

बिना जोखिम वाले देशों से आने वालों के लिए भी आने पर आरटी-पीसीआर और 14 दिन का होम क्वारंटीन अनिवार्य है। उधर तमिलनाडु में नए कोविड-19 वेरिएंट ओमिक्रॉन के मद्देनजर राज्य के सभी चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को पहले ही अलर्ट कर दिया है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार क्रिप्टोकरंसी पर बिल लाने की तैयारी में

नई दिल्ली।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार बदलती प्रौद्योगिकी और मोबाइल से होने वाले पेमेंट के प्रभावी रेगुलेशन के लिए ग्लोबल स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा कोई तंत्र नहीं है जिससे इस रेगुलेट किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि यहां तक कि जब हम राष्ट्रीय स्तर पर सोच रहे हैं, तब भी एक ग्लोबल सिस्टम होना चाहिए। इससे हम लगातार प्रौद्योगिकी के बदलने की निगरानी कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सिस्टम से क्रिप्टोकरंसी हो या तकनीक से होने वाला पेमेंट सबकी निगरानी एक तंत्र से हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार क्रिप्टोकरंसी पर बिल लाने की तैयारी है। बता दें कि वित्तीय प्रौद्योगिकी पर इनफिनिटी-फोरम की दो दिवसीय वर्चुअल सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।सम्मेलन में 70 देशों के प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा था कि देश के हर नागरिक के लिए वित्तीय सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की खातिर वित्त प्रौद्योगिकी पहल को वित्त प्रौद्योगिकी क्रांति में बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वित्त प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का स्तर व्यापक हो गया है और इसने जनता के बीच स्वीकार्यता पायी है। पीएम मोदी ने कहा था कि प्रौद्योगिकी वित्त में एक बड़ा बदलाव ला रही है, और पिछले साल मोबाइल से किया जाने वाला भुगतान, एटीएम कार्ड से की जाने वाली पैसों की निकासी से अधिक था।

# समुद्र में हर हालात के लिए भारतीय नौसेना तैयारः नेवी चीफ

## -इंडियन नेवी हिंद महासागर रीजन में भी पूरी तरह है अलर्ट



नई दिल्ली।

पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चीन को साथ तनाव के बाद से इंडियन नेवी हिंद महासागर रीजन में पूरी तरह अलर्ट है और चीन के हर शिप की पूरी तरह निगरानी रखी जा रही है। इंडियन नेवी चीफ एडमिरल आर हरी कुमार ने कहा कि जब हमारे नॉर्दर्न बॉर्डर (एलएसी) में दिक्कत थी तब हमने अपने शिप तैनात (हिंद महासागर रीजन में) किए थे। शिप मिशन बेस्ड तैनाती पर थे और फॉरवर्ड डिप्लॉयमेंट हो गया था। साथ ही बाकी शिप भी पूरी तरह तैयार थे कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो हर स्थिति से निपटा जा सके। नेवी चीफ ने कहा कि हमने चीन ने सभी शिप पर कड़ी निगरानी रखी थी और हम भी वही कर रहे हैं। उनका (चीन का) कोई भी शिप अगर तैनाती पर आता है तो हम अपने एरिया ऑफ रिस्पॉन्सबिलिटी में पूरी तरह अलर्ट हैं और लगातार निगरानी बनी हुई है। नेवी चीफ एडमिरल कुमार ने कहा कि चीन की हिंद महासागर रीजन में मौजूदगी 2008 से है। हिंद महासागर में कभी उनके 8 शिप होते हैं, कभी तीन। हम उनकी तैनाती पर पूरी नजर रखते हैं और इस पर भी नजर रहती है कि वह क्या कर रहे हैं। नेवी चीफ ने कहा कि हम अपनी रणनीति बनाते हैं।

हमें पूरी जानकारी रहती है कि वहां क्या हो रहा है। हम अपने एयरक्राफ्ट से लगातार सर्विलांस करते हैं।

# बेंगलुरु में अफ्रीकी देशों से आए 10 विदेशी नागरिक लापता,मोबाइलभी बंद



प्रशासन में मचा हड़कंप

बेंगलुरु

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारत में भी कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन के 2 मरीज मिले हैं। हालांकि ओमिक्रोन का सबसे ज्यादा खतरा इनदिनों अफ्रीकी देशों में दिख रहा है।इस बीच खबर है कि बेंगलुरु में अफ्रीकी देशों से आए 10 विदेशी नागरिक लापता हो गए हैं। प्रशासन की ओर से उनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन उनका मोबाइल बंद आ रहा है। विदेशी नागरिकों के लापता होने के बाद से हड़कंप मचने से कई राज्य इस लेकर सतर्क हो गए हैं। दरअसल, खतरा इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि भारत में ओमिक्रोन का जो पहला मामला आया है वह दक्षिण अफ्रीका से लौटे एक शख्स में पाया गया।इसमें विदेशों से आने वाले यात्रियों की जांच को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस और महानगरपालिका मिलकर लापता नागरिकों की लगातार पता लगा रहे हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि इन यात्रियों की ओर से जो पता एयरपोर्ट पर बताया गया था, वहां वे मौजूद नहीं हैं। इसके अलावा जहां ओमिक्रोन संक्रमित व्यक्ति पाया गया है उस इलाके को फिलहाल प्रशासन में कंटेनमेंट जोन कर स्टीकर भी चिपका दिया है। आसपास रहने वाले लोगों की फिलहाल जांच की जा रही है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि अफ्रीकी देशों से 57 यात्री आए हैं जिनमें से 10 का कोई पता नहीं चल पा रहा है।

# एलओसी-एलएसी पर भी होगी महिला सैन्य अफसरों की पोस्टिंग, बटालियन को भी करेंगी कमांड



नई दिल्ली ।

इंडियन आर्मी में महिला अधिकारी अब लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी), लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) में भी पोस्टिंग के लिए योग्य हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को आर्मी की 8 ब्रांच में परमानेंट कमिशन मिला है। अब आर्मी ने महिला अधिकारियों के लिए पोस्टिंग और प्रमोशन पॉलिसी बनाई है। आर्मी में महिलाएं अब इंजीनियर्स, सिगनल्स, सर्विस कोर, ऑर्डिनेंस कोर, ईएमई, इंट कोर, एयर डिफेंस और एयर एविएशन में परमानेंट कमिशन की हकदार हैं। क्राइटीरिया पूरा करने वाली महिला अधिकारी इन 8 ब्रांच में परमानेंट कमिशन पा सकती हैं। इंडियन आर्मी की महिला अधिकारियों के लिए बनाई गई पोस्टिंग पॉलिसी में कहा गया है कि इन सभी 8 ब्रांच में महिला अधिकारियों के लिए पोस्टिंग के नियम पुरुष अधिकारियों की तरह ही होंगे। इसलिए सभी महिला अधिकारी अब फील्ड, लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल, लाइन ऑफ कंट्रोल, हाई एल्टीट्यूट एरिया में पोस्टिंग के योग्य होंगी। इसके साथ ही वह एई क्राइटीरिया अपॉइंटमेंट के भी योग्य होंगी। इसका मतलब है कि वह किसी कंपनी या बटालियन को कमांड करने जैसे अपॉइंटमेंट पर जा सकती हैं। पॉलिसी में कहा गया है महिला अधिकारी सभी करियर कोर्स के लिए योग्य होंगी, चाहे वह प्रतियोगी हों या नॉमिनेशन वाले कोर्स। सर्विस कोर और ऑर्डिनेंस कोर की 1994 से 2007 बैच की महिला अधिकारियों, इंट कोर की 1994 से 2008 बैच की, इंजीनियर्स, सिगनल्स, ईएमई की 1994 से 2009 बैच की, एयर डिफेंस की 2005 से 2008 बैच की महिला अधिकारियों को प्रतियोगी परीक्षा और कोर्स में शामिल होने के लिए एक बार अधिकतम उम्र और सर्विस लिमिट में छूट दी जाएगी। इन बैच की महिला अधिकारियों को प्रमोशन के लिए पुरुष अधिकारियों से मुकाबला नहीं करना होगा, बल्कि इनका स्पेशल बोर्ड बैठेगा।

इसके बाद के बैच की महिला अधिकारियों को प्रमोशन के लिए पुरुष अधिकारियों के साथ मुकाबला करना होगा, साथ ही सभी कोर्स और प्रमोशन के नियम पुरुष अधिकारियों की तरह ही होंगे। सन 2004 तक के बैच की महिला अधिकारियों को मिडिल लेवल टेक्निकल ओरिएंटेशन कोर्स कराया जा रहा है जिसे जूनियर कमांड कोर्स के बराबर माना जाएगा। लेफ्टिनेंट कर्नल से कर्नल बनने से पहले यह कोर्स कराया जाता है। लेफ्टिनेंट कर्नल से कर्नल रैंक में प्रमोशन के लिए जो बोर्ड होगा उसमें मिडिल लेवल कोर्स और जूनियर कमांड बोर्ड को बराबर वेटेज दिया जाएगा। महिला अधिकारी अब टाइम स्केल प्रमोशन के लिए योग्य होंगी। इसके साथ ही वे स्टडी लीव और डेपुटेशन के भी योग्य होंगी। आर्मी एविएशन की एटीसी ब्रांच में महिला अधिकारी 2009 से कमिशन हो रही हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल से ऊपर रैंक में प्रमोशन के लिए फ्लाईंग क्वॉलिफिकेशन जरूरी है। पॉलिसी में कहा गया है कि महिला अधिकारियों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे कंप्यूटराइज्ड पायलट सिलेक्शन सिस्टम की परीक्षा दें या स्पेशल इंटर आर्म सर्विस ट्रांसफर चुनें।

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पताः- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेलः-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईलः-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पताः- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेलः-krantisamay@gmail.com